फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 286 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 19 मई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**When Corruption Vanished** "Narayan! Narayan!" he exclaimed, holding on to his nostrils, "This place smells like a sewer.

**AIR-POLLUTION: Alzheimer's Risk**

**Why Do Dogs Tilt Their Heads?** Few researchers have investigated the reasons why dogs tilt their heads



*गत दिनों, 21 अप्रैल को, उत्तरी वियतनाम की डोंग मो लेक में स्थानीय लोगों को 93 किलोग्राम का शव तैरता हुआ दिखा। यह असल में यैंगसी जाएंट सॉफ्ट शैल टर्टल प्रजाति की आखिरी ज्ञात मादा का शव था, जिसे वियतनाम का ''टर्टल गॉड'' कहते थे। एशियन टर्टल प्रोग्राम (ए.टी.पी.) ने इसकी मौत पर लिखा, ''हम बेहद आहत हैं, हमने इस टर्टल व इसके आवास को बचाने के लिए 17 साल तक कड़ी मेहनत की है।'' इस मादा के मरने से अब सिर्फ दो यैंगसी सॉफ्ट शैल टर्टल बचे हैं और दोनों नर हैं। इनमें से एक तो पास की ही एक लेक, शुआन खान में है और दूसरा ईस्टर्न चाइना के सूजो शहर के जंतुआलय में। यह भी संभव है कि, डोंग मो लेक में एक और टर्टल हो, पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। छोटे आकार के यैंगसी सॉफ्ट शैल टर्टल को ''स्विनहोज़ सॉफ्ट शैल टर्टल'' भी कहते हैं और इस समय केवल दो या तीन टर्टल सरवाइव कर रहे हैं इसलिए इन्हें विश्व का सर्वाधिक संकटग्रस्त जीव कह सकते हैं। ये कछुए मूलतः चीन की रैड रिवर के बेसिन, लोअर यैंगसी रिवर तथा नॉर्दर्न वियतनाम में रहते थे। लेकिन नदियों पर बांध बनाने और वैटलैंड्स के सूखने से ये अपनी अधिकांश आवासीय रेंज से लुप्त हो गए हैं। हद से ज्यादा मछली पकड़ने, प्रदूषण तथा मीट व अण्डों के लिए इनके अत्यधिक शिकार के कारण भी इनकी आबादी बेहद कम हुई है। वियतनाम की पौराणिक कथाओं में इन कछुओं को ''किम की'' का प्रतीक माना जाता है। किम की वियतनामी कछुआ देवता हैं जिसने एक हजार साल के चीनी शासन को उखाड़ फेंकने में वियतनाम के लोगों की मदद की थी। आधुनिक हनोई शहर की होआम किम लेक वो स्थान है जहाँ कथित रुप से सम्राट एली लॉय ने कछुआ देवता ''किम की'' को जादुई तलवार लौटाई थी। सम्राट ने चीनियों को भगाने में इस तलवार का इस्तेमाल किया था। इस लेक में 2016 तक यैंगशी सॉफ्ट शैल टर्टल रहते थे। ए.टी.पी. के प्रमुख टिम मैककॉर्मैक ने 2019 में कहा था कि, संभव है यैंगशी जाएंट सॉफ्ट शैल टर्टल अभी वियतनाम व लाओस की झीलों में हों। इस प्रजाति का केवल एक जोड़ा भी इसको विलुप्ति से बाहर ला सकता है। एक मादा एक बार में 30 तक अण्डे दे सकती है और एक साल में एक से ज्यादा बार अण्डे देती है। पर इसके लिए बचे हुए टर्टल को ढूंढना जरुरी है। मादा यैंगसी जाएंट सॉफ्ट शैल टर्टल का ऊपर दिया गया चित्र सन् 2020 में लिया गया था।*

# छवि परिवर्तन कार्यक्रम के तहत रिजिजू को विधि मंत्रालय से हटाया गया

## प्र.मंत्री इस मंत्रिमण्डलीय परिवर्तन से यह ''मैसेज'' देना चाहते हैं कि, सरकार ''जुडिशिएरी'' (सुप्रीम कोर्ट) से संबंध सुधारना चाहती है, जो पिछले दिनों काफी तनावपूर्ण हो गये थे

- पहली बार विधि मंत्रालय का कार्यभार एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र चार्ज) को दिया गया है। यह भी संकेत है कि, सरकार अपनी विधि संबंधी नीतियों में संशोधन करने की इच्छुक है।
- निवर्तमान विधि मंत्री रिजिजू की लगातार सुप्रीम कोर्ट से रस्सा कशी चलती रही है, कोलीजियम सिस्टम को लेकर।
- सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बैंच ने जजों की नियुक्ति व तबादलों में देरी किए जाने पर आपत्ति की थी, और प्रशासनिक व न्यायिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी थी।
- निवर्तमान राज्य विधि मंत्री को हटाने के लिये भी यह तर्क दिया गया है कि, जब विधि मंत्री स्वयं राज्य मंत्री होता है तो, उप मंत्री की नियुक्ति नहीं की जा सकती।
- पर, सच है कि, निवर्तमान विधि राज्य मंत्री ने टिप्पणी की थी कि, बहुत कम मुसलमान उदारवादी होते हैं और, जो दिखते भी हैं, केवल उदारवाद का मुखौटा पहनते हैं।
- यह टिप्पणी उस समय आयी, जब मोदी व भाजपा मुसलमानों की तरफ मित्रता का हाथ बढ़ाने की कोशिश कर रही है और प्र.मंत्री को नयी छवि में प्रस्तुत करने का प्रयास हो रहा है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 मई। देश की न्याय पालिका के साथ अपनी सरकार के संबंध बेहतर बनाने तथा सरकार की छवि सुधारने की समझी-सोची कोशिश के अंतर्गत, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज न केवल विधि मंत्री किरन रिजीजू को हटा दिया, बल्कि विधि राज्य मंत्री एस.पी. बघेल को भी शिफ्ट कर दिया।

जहां रिजीजू अपेक्षाकृत कम महत्वपूर्ण ''अर्थ साइंसेज'' मंत्रालय में भेज दिये गये हैं, वहीं बघेल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में भेज दिया गया है। ज्ञातव्य है कि रिजीजू को विधि मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री के रूप में प्रोन्नत किये अभी एक साल भी नहीं हुआ था।

अभी हाल ही हुये कर्नाटक विधानसभा चुनावों में हुई जबरदस्त पराजय के बाद भाजपा ने यह चकित कर देने वाली कार्यवाही की है, वो भी आम चुनावों से ठीक एक साल पहले। प्रधानमंत्री मोदी मृदुभाषी अर्जुनराम मेघवाल को विधि एवं न्याय मंत्रालय में ले आये हैं ताकि न्याय पालिका के साथ तनावपूर्ण संबंध सुधर सकें।

रिजीजू, जो सरकार अत्यधिक उच्च कोटि के मंत्रियों से एक तथा सरकार के संकट मोचक माने जाते थे, को प्रोन्नत कर कैबिनेट मंत्री के रूप में विधि मंत्रालय भेजे हुये अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था।

मेघवाल संसदीय मामलों के प्रभारी राज्य मंत्री हैं, के पास अब विधि मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार भी रहेगा। अगर तथ्य परक बात करें तो हाल ही के इतिहास में यह ऐसा पहला अवसर होगा, जब विधि मंत्री कैबिनेट दर्जे का मंत्री नहीं होगा। यह तथ्य न्याय पालिका के लिये इस बात का एक गूढ़ संदेश भी है कि मोदी सरकार अब तक हुए नुकसान की भरपाई के लिये भी तैयार

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# ममता बनर्जी ''पटाखा फैक्टरी'' में बम विस्फोट की जांच एन.आई.ए. को सौंपने को क्यों राजी हो गयीं?

## यह आम धारणा है कि, तथाकथित ''पटाखा फैक्टरी'' में असल में बम बनाये जाते थे तथा गैर कानूनी फैक्टरी का मालिक तृणमूल कांग्रेस का नेता तथा पंचायत का मुखिया है

- मालिक ''विस्फोट'' के बाद उड़ीसा भाग गया, कुछ समय तक गिरफ्तारी टालने के लिये।
- क्षेत्र में इस विस्फोट की घटना से काफी रोष है, क्योंकि मृतकों व घायलों की संख्या काफी अधिक है।
- तृणमूल पार्टी की टीम, जो गांव को ''विज़िट'' करने जा रही थी, उसे गांव में प्रवेश नहीं करने दिया।
- इस वातावरण को ठण्डा करने के लिये ममता बनर्जी ने विस्फोट काण्ड की जांच केन्द्रीय जांच एजेंसी एन.आई.ए. को सौंपने का निर्णय लिया।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 मई। इस समय पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का समय अच्छा नहीं चल रहा है। आज सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत फिल्म ''केरल स्टोरी'' पर रोक लगा दी गई थी। अदालत ने सरकार की इस दलील को अमान्य कर दिया कि इस फिल्म के प्रदर्शन से राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है।

यह मात्र एक हठधर्मिता थी कि इस फिल्म के प्रदर्शन से राज्य के मुसलमान उग्र हो जायेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाये रखना राज्य सरकार का कर्तव्य एवं दायित्व है।

विपक्ष का मानना है कि अन्य किसी कारण से न सही, केवल अपने कथन एवं अंदेशे को उचित ठहराने तथा प्रमाणित करने के उद्देश्य से सत्तारूढ़ दल स्वयं ही विरोध प्रदर्शन आयोजित कर सकता है तथा उन्हें प्रोत्साहित कर सकता है तथा कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रमाणित कर सकता है।

लेकिन सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश तृणमूल कांग्रेस की वर्तमान परेशानी का एक छोटा सा अंश मात्र है। पिछले दो दिनों में, बंगाल की राजनीति की स्थिति बड़ी खराब स्थिति में रही है तथा पटाखे बनाने वाली एक अवैध फैक्ट्री में हुये बहुत बड़े विस्फोट की घटना से सरकार बुरी तरह झुलसी हुई है। यह विस्फोट इतना ताकतवर था कि कोई भी इस बात पर विश्वास नहीं कर पाया कि यह पटाखे बनाने के सामान में हुआ है। यह एक सामान्य ज्ञान एवं

( शेष पृष्ठ 6 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# ग्रैनाईट की खदान में दबने से श्रमिक की मौत

मालपुरा, 18 मई (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के रूपाहेली गांव के पास संचालित ग्रैनाईट की खदान में पत्थर की चट्टान गिरने से एक श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने बताया कि, रूपाहेली के पास संचालित, धरती जतन ग्रैनाईट की खदान में चट्टान के नीचे एक श्रमिक के दबने की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जे.सी.बी. की सहायता से चट्टान को हटाकर शव को कब्जे में लिया और मालपुरा

- बताया जाता है, श्रमिक चट्टान के नीचे दब गया था। अब मृतक के परिजन 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# शिव कुमार अपनी शर्त पर उपमुख्यमंत्री पद संभालने को तैयार हुए

## कर्नाटक मंत्रिमण्डल में अब केवल एक उपमुख्यमंत्री होगा, हालांकि खड़गे स्वयं, एक दलित को और मु.मंत्री बनवाना चाहते थे।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 मई। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार राज्य के एकमात्र उपमुख्यमंत्री के रूप में अंततः कर्नाटक सरकार में शामिल हो गए। जिसके मुख्यमंत्री हैं सिद्धारमैया कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री होंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चाहते थे कि दो उपमुख्यमंत्री बनाए जाएं जिनमें से एक दलित समुदाय का हो। लेकिन उन्होंने शिवकुमार एक ही उपमुख्यमंत्री की मांग स्वीकार कर लीं।

कांग्रेस, महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल ने यहाँ एक प्रेस कॉन्फ्रैंस में कहा कि, खड़गे ने अपना निर्णय बताने के लिए उन्हें (वेणुगोपाल) अधिकृत किया है। उन्होंने कहा, संसद के चुनाव सम्पन्न होने तक शिवकुमार कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। कांग्रेस महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी-रणदीपसिंह सुरजेवाला, जिन्होंने वेणुगोपाल के साथ ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर पत्रकारों को संबोधित किया, ने कहा, पत्रकार नाराज़ हैं कि कांग्रेस ने निर्णय जल्दी क्यों नहीं लिया। सुरजेवाला ने कहा, यह मीडिया का अधिकार है, ''हम आपके परिवार का हिस्सा हैं। हम आपको प्यार करते हैं, आप हमें प्यार करते हैं। यही कांग्रेस है।''उन्होंने कहा कि, गुरुवार शाम को कांग्रेस विधायकों की एक औपचारिक बैठक बैंगलुरू में आयोजित की जाएगी, जिसमें विधायक पार्टी आलाकमान को मुख्यमंत्री चयन का अधिकार देंगे। रविवार को मुख्यमंत्री की घोषणा होगी। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 मई को दोपहर 12.30 बजे होना है। टाइम का यह अंतर इसलिए रखा गया है ताकि विभिन्न विपक्षी दलों के नेता शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हो पाएं।

# बंगाल में ''द केरल स्टोरी'' से प्रतिबंध हटा

नई दिल्ली, 18 मई (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने फिल्म द केरला स्टोरी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने वाले पश्चिम बंगाल सरकार के आठ मई के आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और और न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ राज्य सरकार के आदेश पर यह कहते हुए रोक लगा दी कि इस पर प्रतिबंध का पर्याप्त आधार

- सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि, फिल्म में प्रतिबंध लगाने जैसा कोई मुद्दा नज़र नहीं आता। सुप्रीम कोर्ट की बैंच ने खुद भी फिल्म देखकर इस बात का परीक्षण करने का फैसला किया है।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# द्रविड़ पार्टियाँ, द्रमुक व अन्नाद्रमुक काफी प्रसन्न हैं, भाजपा की कर्नाटक में हार से

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई बार-बार गठबंधन साथी अन्नाद्रमुक को पिन चुभो रहे थे। पर, कर्नाटक के उन तमिल भाषी क्षेत्रों, जिनमें चुनाव की जिम्मेवारी प्रदेशाध्यक्ष को सौंपी गयी थी, में भाजपा का प्रदर्शन बहुत खराब रहा है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 18 मई। कर्नाटक विधानसभा चुनाव नतीजे, जिसमें भाजपा को करारी हार मिली है, का त्वरित प्रभाव तमिलनाडु में विपक्षी दलों अन्नाद्रमुक और भाजपा पर देखा गया है। जहां दोनों दलों के बीच तनावपूर्ण ही सही किन्तु आवश्यक गठबंधन है।

दोनों दलों के बीच तनाव इतना बढ़ गया है कि तमिलनाडु के भाजपा प्रमुख के. अन्नामलाई ने तो यहां तक कह दिया कि बेहतर होगा पार्टी अकेले चुनाव लड़े, हालांकि दिल्ली में बैठा पार्टी नेतृत्व इसके पक्ष में नहीं है। अन्नाद्रमुक ने भी तब करारा जवाब दिया था तथा उन्हें राजनीति में नौसिखिया और बचकाना करार दिया था और फिर भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व को दखल देना पड़ा, ताकि गठबंधन चलता रहे।

लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि कर्नाटक विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अन्नामलाई को जो क्षेत्र दिए थे, वहाँ भाजपा का प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा। पार्टी ने उन्हें यह जिम्मेवारी अपनी योग्यता साबित करने के लिए दी थी। और अब जब अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे में अन्नाद्रमुक निस्संदेह ज्यादा दबाव डालेंगे। कर्नाटक की हार ने अन्नाद्रमुक पर दबाव डालने की भाजपा की क्षमता कम कर दी है। भाजपा, जो

- अन्नाद्रमुक इस घटनाक्रम से आल्हादित है तथा भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं पर दबाव बना रही है, प्रदेशाध्यक्ष पर लगाम कसी जाये।
- दूसरी ओर प्रदेशाध्यक्ष अन्नामलाई ने द्रमुक के मुख्यमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ भी भ्रष्टाचार के भारी आरोप लगाये थे और जवाब में द्रमुक ने भी काफी शोर मचाया था कि, कर्नाटक चुनाव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भारी रकम ले जाते हुए पकड़े गये, हालांकि चुनाव आयोग ने इस आरोप को जांच के बाद मिथ्या बताया था। पर, अब द्रमुक चाहती है कि, कर्नाटक की राज्य सरकार इस आरोप की नये सिरे से जांच करे।
- तमिलनाडू से 39 सांसद निर्वाचित होते हैं, अतः यह राज्य लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा के लिये भारी महत्व रखता है, विशेषकर इसलिये भी, क्योंकि संभावना है कि, संसदीय चुनाव में उत्तर भारत में भाजपा कुछ सीटें खो सकती है।
- भाजपा की इस मजबूरी का भी द्रविड़ पार्टियाँ आनंद ले रही हैं।

कि अन्नाद्रमुक पर दबाव डाल रही थी कि अलग हुए गुटों को पार्टी में वापस लिया जाए, अब ऐसा नहीं कर पाएगी। अन्नाद्रमुक नेता खुश है कि तमिलनाडु से संबंधित दोनों भाजपा नेता अन्नामलाई और सी.टी. रवि, जो भाजपा के राष्ट्रीय सचिव हैं और तमिलनाडु के प्रभारी हैं, कर्नाटक में बुरी तरह असफल रहे हैं। सी.टी. रवि तो खुद चिकमंगलूर से प्रत्याशी थे, पर हार गए। कोलार और मांड्या जिलों, जहाँ काफी तादाद में तमिल आबादी रहती हैं, में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली। यहाँ प्रचार का जिम्मा अन्नमलाई को दिया गया था।

अन्नमलाई कर्नाटक व तमिलनाडु

( शेष पृष्ठ 6 पर )

# जल्लीकट्टू व बैलगाड़ियों की रेस को स्वीकृति मिली

नई दिल्ली, 18 मई (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सांडों को वश में करने के पारंपरिक खेल जल्लीकट्टू से संबंधित कानून को न्याय संगत बताते हुए इससे संबंधित तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के कानून की वैधता को गुरुवार को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति के एम जोसेफ, और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की संविधान पीठ ने तमिलनाडु के साथ इस प्रकार के पारंपरिक खेल से संबंधित महाराष्ट्र और कर्नाटक के कानूनों में पर भी अपनी मुहर लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि जल्लीकट्टू पिछले कुछ सदियों से राज्य में चल रहा है और राज्य

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, राज्य द्वारा पारित कानून में जानवरों के प्रति क्रूरता का ध्यान रखा गया है।

( शेष पृष्ठ 6 पर )

## विचार बिन्दु

**पूरे यत्न से इतिहास की रक्षा करनी चाहिए, इतिहास और अपना प्राचीन गौरव नष्ट कर देने से विनाश निश्चित है। –महाभारत**

# सावधान! जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी संकट में।

जलवायु परिवर्तन का संकट किसी एक देश का नहीं है अपितु धरती के सभी देश इस संकट से ग्रसित हैं। यह ग्लोबल संकट है, अतः प्रत्येक व्यक्ति को जो कुछ वह कर सकता है, देश के विकास व खुशहाली के लिये, करना चाहिये।

हमारी धरती संकट में है। कार्बन उत्सर्जन के फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के कारण खाद्यान्न, सुरक्षा, आजीविका, पानी, पर्यावरण, बीज, स्वास्थ्य और धरती पर विपरीत असर पड़ रहा है। कहीं तूफान है, तो कहीं पर सूखा है। कहीं भुखमरी है तो कहीं मानव व जानवर बीमारियों से झूझ रहे हैं। नई–नई बीमारियां फैल रही हैं। नदियां सूख रही हैं। पहाड पिघल रहे हैं, पीने का पानी जहर बनने जा रहा है। मौसम बदल रहे हैं। तूफान और बाढ़ से बस्तियों का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है, समुद्र अपनी सीमा लांघ चुका है। अनाज की पैदावार कम हो गई है, धरती बंजर बनती जा रही है। जून 1992, रियो डी जेनिरो में पृथ्वी सम्मेलन (Earth Summit) हुआ जहां तापमान 1.5 डिग्री से. से अधिक बढ़ने से सभी 122 देश चिंतित थे। सबको यह जानकारी दी गई कि 1.5 डिग्री से. से 2 डिग्री से. तक या इससे अधिक तापमान बढा तो स्थिति भयंकर हो सकती है। संसार के देशों के मध्य क्यूटो प्रोटोकॉल हुआ, इससे भी सफलता नहीं मिली। पेरिस एग्रीमेन्ट ने जरूर कुछ आशायें जगाई हैं। किन्तु यह स्व:विवेक पर आधारित है। इसे लागू करने की कोई प्रक्रिया नहीं है। भविष्य अंधकार में है। सन 1992 में जो मिटिंग हुई थी उसे संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण एवं विकास सम्मेलन (United Nations Conference on Environment and Development-UNCED) का नाम दिया गया है इसे Earth Summit (पृथ्वी सम्मेलन) भी कहते हैं। इस संबंध में जो सम्मेलन हुआ उसे संयुक्त राष्ट्र का प्रारूप सम्मेलन नाम दिया। इस संबंध में होने वाले सम्मेलन को कॉप कहते हैं। इसका अर्थ है 'कॉन्फरेन्स ऑफ पीपुल्स'।

मानव के अधिकारों की घोषणा से संयुक्त राष्ट्र संघ का जन्म हुआ। मानव के अधिकारों में मानव के गरिमा मय जीने के अधिकार को मजबूत आधार मिला। सतत विकास के लक्ष्य पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का रियो (2012) का परिणाम दस्तावेज हमारी भविष्य का कल्पना है और सतत विकास के 17 लक्ष्य व 169 निर्देश निर्धारित किये गये हैं, वे हमारा मार्ग प्रशस्त करेंगे। इसके द्वारा मानववादी संस्कृति से आगे बढ़कर धरती माँ के अधिकारों पर अपनी सोच को विस्तार दिया है। मानव के अतिरिक्त अन्य भी प्राणी हैं जो मिलकर पृथ्वी को बनाते हैं। हमने तो नदियों को भी प्राणी माना है। हमने धरती का अविवेकपूर्ण दोहन किया है जबकि सभी प्राणियों को समान अधिकार है। हमारी संस्कृति का मूल मंत्र है, **''सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया, सर्वे भद्राणी पश्यन्तु मा कश्चिदुःख भाग्यभवेत''**। इसी मूल मंत्र से हमें धरती को बचाना है।

Earth Summit (पृथ्वी सम्मेलन) से अभी तक कार्बन उत्सर्जन को कम करने का कोई उपाय हमने नहीं के बराबर किया है। हमारे पापों के कारण जैव विविधता को बचाने में हम समर्थ नहीं दिखाई दे रहे हैं। जैव विविधता में लगभग एक मिलियन प्रजातियां एजम्गे समाप्त (विलोपित) होने के कगार पर हैं। 22 अप्रेल, 2023 को मदर अर्थ डे (Mother Earth Day) मनाया है अन्तर्राष्ट्रीय दिवस 22 मई को है इस दिन हमें जैव विविधता को पुनः उसी स्थिति में लेकर आने का संकल्प लेना है।

**वर्तमान में भारत में उत्तर व अन्य हिमालय रीजन में जो तूफान आये हैं, जो बरबादी हुई है, हिमालय पिघला है, धरती हिली है। मोका तूफान ने राजस्थान में भीषण गर्मी के दिनों को (मई माह में) भी सर्दी का अहसास कराया है। इन प्रकृति के ताण्डवों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन सच्ची घटना है।**

सन 1992 से अप्रेल 2023 तक कुछ अधिक नहीं कर पाये हैं, किन्तु हमें प्रयत्न करना होगा कि कार्बन उत्सर्जन पेरिस एग्रीमेन्ट के अनुसार हो पाये और किसी भी कीमत पर 2 डिग्री से. को छू नहीं सके।

भारत में जलवायु परिवर्तन के कारण जो पर्यावरण की स्थिति है, बहुत नाजुक दौर में है। कोयले के स्थान पर पानी हवा सूर्य की एनर्जी से देश में बिजली बनाने का वैकल्पिक कार्य अच्छी गति से चल रहा है। जंगलों के विस्तार का भी देश की सरकार ने काम किया है किन्तु उसे सन्तोषजनक नहीं कह सकते हैं। संसार के विकसित देश 80 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन के लिये उत्तरदायी हैं, इस स्वीकृत स्थिति है। अतः जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान के वे ही जिम्मेदार हैं, किन्तु छोटे देश जिनका कोई कसूर नहीं है, वे यह जानकर हैरान हैं कि उन्हें किस पाप की सजा दी जा रही है।

क्योटो प्रोटोकॉल अथवा पेरिस एग्रीमेन्ट अथवा अन्य संधि में कहीं भी इस बात का उल्लेख अथवा प्रावधान नहीं है कि यदि कोई मेम्बर अन्तर्राष्ट्रीय एग्रीमेन्ट के प्रावधानों की अवज्ञा करता है तो उसके विरूद्ध कोर्ट की कार्यवाही का क्या प्रावधान है? क्योटो प्रोटोकॉल में प्रावधान है, केस आर्बीट्रेशन में जा सकता है, किन्तु आर्बीट्रेशन उसी समय प्रभावशील होगा जब आरोपी आर्बीट्रेशन को स्वीकार करे। इसका अर्थ है कानूनी कार्यवाही अथवा कोर्ट की कार्यवाही सम्भव नहीं है। एक छोटे से देश Vanuatu जो जलवायु परिवर्तन से पीडित है ने इस संबंध में एक रेजोल्यूशन (प्रस्ताव) यूएन असेम्बली में पारित कराया है कि इस बाबत International Court of Justice से कानूनी सलाह (Legal Opinion) ली जावे। इसके अतिरिक्त Internatinoal Tribunal on Climate Change Dispute की स्थापना हो इस बाबत उचित कार्यवाही करें। साधारण रूप में हमारे देश में अनुच्छेद 21 और 1966 के सिविल कॉवेनेन्ट जैसा प्रावधान लगभग सभी देशों के संविधान में है। प्रदूषण के कारण कोई विवाद है तो वह मानव अधिकारों को प्रभावित करता है। संविधान में जो मौलिक अधिकार दिये हैं तथा राज्य की नीति के निदेशक तत्व में जो सामाजिक व आर्थिक अधिकार माने जाते हैं वे सब मानव अधिकार ही हैं। मानव अधिकार डोमेस्टिक कोर्ट (Domestic Court) में प्रवर्तनशील है। यहां पर मानव अधिकार का उल्लंघन है, अतः एक देश अन्तर्राष्ट्रीय कोर्ट ऑफ जस्टिस में न्याय प्राप्त करने के लिये जा सकता है। यह भी रास्ता न्याय प्राप्त करने का हो सकता है कि अन्तर्राष्ट्रीय कोर्ट ऑफ जस्टिस से अनुमति प्राप्त कर कोर्ट में कार्यवाही की जावे। सतत विकास के लक्ष्य में गोल–15 में जीवन व जमीन के अधिकार की बात का उल्लेख है, उसे अधिकार माना गया है। अर्थ डे, 22.04.2023 पर यूएन सेक्रेटरी जनरल एन्टोनिओ गेटेरेस (Antonio Guterres) ने सब मेम्बर देशों को संदेश भेजकर निर्देश दिये हैं कि SDG kesâ 15Jesb Goal cesb Biodiversity Loss की बात है और इसे Biological Diversity से पानी, दवा, शेल्टर आदि के सन्दर्भ में जीवन को Sustain करने के हेतु आवश्यक माना है। जैव विविधता समाप्त होने की कगार पर है, 100 मिलियन हेक्टेयर फोरेस्ट भूमि समाप्त हो रही है तथा 150 मिलियन हेक्टेयर उपजाऊ भूमि के नुकसान से फूड व पीने के पानी की सुरक्षा को खतरा है। इससे उक्त देश के निवासियों के अधिकार खण्डित हुये हैं।

भारत की सिविल सोसायटी सिकोयडिकोन, पैरवी व वियोण्ड कॉपनहेगन ने और अब मौसम ने कॉप की कोर्नर मिटिंग्स् में सुझाव रखा था कि पेरिस एग्रीमेन्ट को सफल बनाना है तो उसे प्रवर्तनकारी बनाना होगा। भारत की उक्त सिविल सोसायटीज ने ब्रिटेन की सोसायटी से मिलकर अन्तर्राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल की स्थापना के हेतु कुछ कदम उठाये थे। यहां तक कि अन्तर्राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल की स्थापना की मांग के साथ, ऐसी पर्यावरण ट्रिब्यूनल का विधान भी बनाया था और इस बात की सहमति हुई थी कि उसका कार्यालय भारत के मुम्बई शहर में होगा। भारत के पर्यावरण मंत्री स्व. अनिल माधव दवे को एक रिप्रेजेन्टेशन भी प्रस्तुत किया था, किन्तु उनके निधन के कारण यह बात आगे बढ़ नहीं सकी। पुनः इस ओर कदम उठाने का काम प्रारम्भ हो चुका है, जिसका उल्लेख अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण विशेषज्ञ सोमदत्ता के पत्र दिनांक 30.03.2023 से हुआ है। भारत की उक्त सिविल सोसायटीज को पुनः इस ओर कदम उठाना होगा और जो प्रस्ताव यूएन जनरल एसेम्बली में पारित हुआ उसे लागू कराने पर जोर देना होगा। प्रदूषण फैलाने वाले देशों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की जा सकती है, इस प्रश्न पर अन्तर्राष्ट्रीय कोर्ट ऑफ जस्टिस से राय ली जावे कि दोषी देशों के विरूद्ध क्या कार्यवाही हो।

वर्तमान में भारत में उत्तर व अन्य हिमालय रीजन में जो तूफान आये हैं, जो बरबादी हुई है, हिमालय पिघला है, धरती हिली है। मोका तूफान ने राजस्थान में भीषण गर्मी के दिनों को (मई माह में) भी सर्दी का अहसास कराया है। इन प्रकृति के ताण्डवों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि जलवायु परिवर्तन सच्ची घटना है।

सावधान! पृथ्वी संकट में है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# सांभर मे रोड लाइटें बंद होने से लोग परेशान

**सांभरझील, (निसं)।** यहां नया बस स्टैंड से कृषि उपज मंडी व पांच बत्ती चौराहा से न्यू मार्केट की तरफ जाने वाले रास्ते तक संपूर्ण रोड लाइटें विगत कई दिनों से देर तक चालू नहीं की जा रही है। शुक्रवार को भी देर शाम करीब 8 बजे तक रोड लाइटें चालू नहीं हो सकी थी। रोड लाइटें बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**■ पैसा बचाने के लिए सांभर पालिका ने रोड लाइटों में कटौती की**

पांच बत्ती चौराहा पर सौंदर्यीकरण के नाम पर जिस खूबसूरत लाइट को करीब 50 हजार से अधिक खर्च कर लगवाया गया था। उसका भी कुछ सार्थक परिणाम निकल के सामने नहीं आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पालिका की ओर से निगम की चल रही बकाया राशि का भुगतान का मामला अभी पूरी तरह साफ नहीं हुआ है और रोड लाइटें देर तक बंद रखकर पालिका की ओर से आर्थिक बचत किए जाने की जुगाड़ की जा रही है, ताकि रोड लाइटों का बिल कम से कम आए जबकि इन रोड लाइटों का नियमानुसार पैसा आम जनता से नगरीय उपकर में जोड़कर भी वसूला जाता है। लोगों का कहना है कि यदि पालिका प्रशासन रोड लाइटें और सफाई व्यवस्था पर ही पूरा रखरखाव नहीं कर पाती है तो फिर इस डिपार्टमेंट को सरकार को रखने का औचित्य ही क्या है। इस मामले में न तो यहां के जनप्रतिनिधि कोई विरोध कर रहे हैं और न ही लंबे समय से प्रशासन की ओर से कुछ समाधान किया जा रहा है।


सांभर पालिका क्षेत्र में कई जगहों पर रोड़ लाईट बन्द रहने से आमजन को परेशानी हो रही है।

# महंगाई राहत शिविरों में रजिस्ट्रेशन के लिए नाममात्र लोग पहुंच रहे हैं

**पावटा, (निसं)।** मुख्यमंत्री महंगाई राहत शिविरों में अब सन्नाटा पसरने लग गया है। स्थिति यह है कि नाममात्र के लोग रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंच रहे हैं। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका का दावा है कि नगरपालिका क्षेत्र के 9100 परिवारों में से 7400 से अधिक परिवारों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका परिसर में स्थाई और वार्डों के तहत आदर्श रामलीला मैदान पावटा में एक अस्थाई मुख्यमंत्री महंगाई राहत शिविर का आयोजन 24 अप्रेल से नियमित जारी है। स्थिति यह है कि गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे आदर्श रामलीला मैदान पावटा शिविर में लगाई गई अधिकांश कुर्सियां खाली रही।

**■ नगरपालिका का दावा है कि 9100 परिवारों में से 7400 ने करवाया पंजीकरण**

उल्लेखनीय है कि शिविरों में भीड़ उमड़ने के कारण पूर्व में अतिरिक्त काउंटर लगाने पडे थे। अस्थाई शिविर के कारण थोड़ी भीड़ कम हुई है। अस्थाई शिविर अन्य वार्डों में लगने पर फिर से भीड आने लगेगी। वहीं शिविर में जोधपुरा निवासी चंदूलाल, भैसलाणा निवासी कैलाश चंद, पावटा निवासी मोतीलाल, काशीराम लंबोरा सहित ग्रामीणों ने बताया कि शिविर में आते हैं लेकिन 11 बजे तक अधिकारी नहीं आते हैं। ई–मित्र संचालकों व कर्मचारियों के भरोसे शिविर चल रहे हैं। कई महिनों से पट्टों को लेकर चक्कर काट रहे है।


पावटा में महंगाई राहत शिविर में लोगों के नहीं पहुंचने से कुर्सियां खाली रही।

# हड़ताल पर चल रही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**करौली, (निसं)।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिले की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता इन दिनों हड़ताल पर हैं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को करौली कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने मूल ग्रेड पे 3600, पदनाम परिवर्तन और पदोन्नति की मांग की इस दौरान महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी करने और काम का बोझ बढ़ाने का भी आरोप लगाया महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ज्योति, रानी जादौन, सुनीता, आशा सैन, शायना, प्रभा कौशिक, ममता, प्रियंका, सपना सहित कई अन्य महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता वेतनमान बढ़ाने और ग्रेड पे 3600 कि लंबे समय से मांग कर रही है।

**■ महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा**

महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता का कम मानदेय पर काम कर रही हैं जिससे उन्हें आर्थिक तंगी के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता है। परिवर्तन करने और अन्य पदों पर पदोन्नति की मांग कर रही है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि हैं उनकी सरकार पर किसी प्रकार का आज भी भार नहीं पड़ेगा लेकिन फिर भी उनकी मांगों को नही सुना जा रहा है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द मांग पूरी करने की गुहार लगाई है महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता गत 1 मई से लगातार हड़ताल पर चल रही हैं।


मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया।

# पार्क में मिलीं नशीले पदार्थों की खाली बोतलें

**अनूपगढ, (कासं)।** क्षेत्र में अब नशा करने वाले लोग सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने लग गए हैं। गुरुवार अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 21 स्थित अंबेडकर पार्क में नशीले पदार्थों की खाली बोतलें मिलने पर वार्डवासियों ने रोष व्यक्त करते हुए इसकी सूचना पालिकाध्यक्ष प्रियंका बैलान को दी।

सूचना मिलने पर पालिका अध्यक्ष प्रियंका बैलान और पार्षद संजय अरोड़ा ने मौके पर पहुंचकर पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड के लोग इकट्ठा हो गए। निरीक्षण के बाद पालिकाध्यक्ष ने मौके पर पुलिस बुलाई और नशे के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि इस पार्क में लगभग 6 वार्डों के लोग घूमने के लिए आते हैं। मगर आए दिन यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे महिलाओं को पार्क में घूमते समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पालिकाध्यक्ष प्रियंका बैलान ने बताया कि अंबेडकर पार्क में शराब और मेडिकेटेड नशे की खाली बोतलें मिली हैं और वार्डवासियों ने बताया कि यहां नशे के खाली इंजेक्शन भी मिले हैं। पालिकाध्यक्ष बैलान ने इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी। सूचना मिलने पर एसआई हंसराज और एएसआई कालूराम मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने पालिकाध्यक्ष, वार्ड पार्षद, महिलाओं और वार्ड वासियों पुलिस के समक्ष रोष प्रकट करते हुए नशे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसआई हंसराज ने बताया कि पुलिस लगातार नशे की खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इस मामले में भी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने अंबेडकर पार्क में नशीले पदार्थों की खाली बोतले मिलने पर जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों का आश्वासन दिया है कि इस क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी जाएगी और नशे के खिलाफ कार्रवाई को और भी तेज किया जाएगा।

**■ लोगों ने जताया आक्रोश पालिकाध्यक्ष को मौके पर बुलाया, पुलिस से कार्रवाई की मांग की**

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 19 मई, 2023

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, भरणी नक्षत्र प्रातः 7:29 तक, शोभन योग सांय 6:16 तक, चतुष्पद करण प्रातः 9:33 तक, चन्द्रमा दिन 1:55 से वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–मेष, मंगल–कर्क, बुध–मेष, गुरू–मेष, शुक्र–मिथुन, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज देव पितृकार्या अमावस्या, भावुका अमावस्या, बडपूजन अमावस्या, शनि जयन्ती, संत ज्ञानेश्वर जयन्ती है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 7:22 तक, लाभ–अमृत 7:22 से 10:43 तक, शुभ 12:23 से 2:04 तक, चर 5:25 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:41, सूर्यास्त 7:05

**मेष** – अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष** – समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मित्रों/रिश्तेदारों से अनबन बढ़ने का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**मिथुन** – आर्थिक/वित्तीय मामलों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क** – व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह** – शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात वर्तमान में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**कन्या** – संभावित धन प्राप्ति में विलम्ब होगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला** – परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** – स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिन के मध्यान्ह पश्चात व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु** – परिजनों के व्यवहार के कारण मन में असंतोष बना रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है।

**मकर** – परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में वाद–विवाद बढ़ने का भय बना रहेगा। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ** – परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों का निपटारा हो सकता है।

**मीन** – आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

# युवक की हत्या के मामले में भोमिया राजपूत समाज ने प्रदर्शन किया

## पुलिस अधीक्षक ने पादरली पहुंचकर मौका मुआयना किया

**जालोर/आहोर, (कासं)।** आहोर थाना क्षेत्र के पादरली गांव में एक युवक की निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को भौमिया राजपूत समाज व ग्रामीणों ने आहोर मोर्चरी के सामने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। जिला कलेक्टर के आश्वासन के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुर्पुद किया। उग्र विरोध प्रदर्शन के चलते पादरली ग्राम पुलिस छावनी में तब्दिल रहा। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. किरण कंग सिद्धु ने बुधवार देर रात पादरली पहुंचकर घटना स्थल का मौका मुआयना किया। वहीं गुरुवार को जालौर जिले के कई क्षेत्रों में इंटरनेट सेवायें बंद रही।

जालोर जिले के आहोर उपखंड के पादरली गांव में बुधवार देर शाम को सरेआम किशोरसिंह नाम के युवक का धारदार हथियार से कत्ल कर दिया था। घात लगाकर बैठे आरोपी ने सड़क पर जा रहे किशोरी सिंह पर पीछे से वार कर सिर धड़ से अलग कर दिया। आरोपी के ऊपर इतना खून सवार था कि सिर को हाथ में लेकर मौका-ए-वारदात से करीब सौ मीटर की दूरी पर डाल दिया। इसके बाद स्वयं पुलिस के समक्ष पेश होकर आत्म समर्पण कर दिया। घटना कर सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर आधी रात तक पुलिस मृतक के शव को नहीं उठा पाई। आखिरकार बुधवार देर रात के बाद कांग्रेस नेता उमसिंह



आहोर थाना क्षेत्र के पादरली गांव में युवक की निर्मम हत्या के विरोध में भौमिया राजपूत समाज व ग्रामीणों ने आहोर मोर्चरी के सामने प्रदर्शन कर विरोध जताया।

चांदराई की समझाइश के बाद शव को आहोर अस्पताल की मोर्चरी में लाया गया। जहां गुरुवार सुबह काफी संख्या में भौमिया राजपूत समाज व पादरली गांव के लोग मोर्चरी के सामने धरना देकर बैठ गए। जिसमें काफी संख्या में महिलाए भी शामिल थी। प्रदर्शन के उग्र होने की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को कडी करते हुए पादरली गांव एवं आहोर थाने के बाहर व अस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया।

धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन व पुलिस के समक्ष छह मांगे रखी और कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं हो जाती है, तब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। पीडित पक्ष व ग्रामीणों ने पीडित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पीडित परिवार को बीपीएल श्रेणी में दर्ज करने, नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी, मामला फास्ट ट्रैक में चलाने व हत्या के षडयंत्र में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रशासन व पुलिस ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी मदद देने का आश्वासन दिया।

जिला कलैक्टर निशांत जैन ने आहोर पहुंचे। जहां जिला कलैक्टर जैन व कांग्रेस नेता उमसिंह चांदराई, एसडीएम शैलेन्द्र सिंह व एएसपी रामेश्वर लाल मेघवाल की समझाइश के बाद परिजन व ग्रामीण पोस्टमार्टम के लिए सहमत हुए। एएसपी रामेश्वर लाल मेघवाल ने बताया कि मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी सांवलाराम भील को हिरासत में लिया है। मामले को शांतिपूर्ण हल करने के लिए डीएसपी रतन देवासी, आहोर थानाधिकारी गिरधर सिंह के अलावा कई पुलिस अधिकारियों व प्रशासनिक अफसरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। घटना को लेकर क्षेत्रीय विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पूर्व

■ बुधवार देर शाम को सरेआम युवक का हथियार से कत्ल कर दिया था

विधायक शंकर सिंह राजपुरोहित, कांग्रेस नेता सवाराम पटेल, आमसिंह परिहार भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने के लिए कहा। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर मृतक के शव को परिजनो का सुर्पुद किया।

वहीं आहोर पुलिस थाना क्षेत्र के पादरली ग्राम में एक युवक की निर्मम हत्या को लेकर भोमिया समाज के उग्र विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते पुलिस ने बुधवार देर रात से डेरा डाल दिया था। जहां पुरे गांव में पुलिस जवान तैनात थे। तथ भील बस्ती में भी पुलिस का विशेष जाब्ता तैनात रहा है। युवक की निर्मम हत्या की सूचना मिलते ही जालोर पुलिस अधीक्षक डॉ किरण कंग सिद्धु व जिला कलैक्टर निशांत जैन ने घटना की जानकारी ली। वहीं एसपी ने गुरुवार सुबह से ही आहोर पुलिस थाने में बैठ कर मामले की स्वयं मोनिटरिग करती नजर आई। जिला कलैक्टर जैन ने भी आहोर पहुंचकर मृतक के परिजनो का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया गया।

# हनुमानगढ़ में तेज आंधी से पेड़ गिरे, टीनशेड-छप्पर उड़े

## पोल टूटने से रातभर बंद रही बिजली सप्लाई

**हनुमानगढ़, (कासं)।** देर रात को तेज आंधी के साथ बरसात और ओलावृष्टि हुई। आंधी के कारण कई इलाकों में रातभर बिजली सप्लाई ठप हो गई, जो गुरुवार को कई घंटों बाद बहाल हुई। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ टूटकर गिर गए तो कई जगहों पर टीनशेड-छप्पर उड़ गए। जंक्शन की सिंचाई कॉलोनी में पेड़ टूटकर गिरने से बिजली के 7 पोल टूट गए, जिसके कारण कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद हो गई।

बारिश से धानमंडी में खुले में रखी किसानों की कृषि जिंस भीग गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रात को बिजली गुल हो गई। कभी तेज तो कभी धीमी गति से बारिश का दौर चला, जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। लू के थपेड़ों और आसमान से बरसती आग से बेहाल लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के बाद गुरुवार सुबह कुछ स्थानों पर जल भराव और गंदगी के कारण कीचड़ पसर गया।

देर रात को आए तेज अंधड़ और

■ कमरे की छत गिरने से एक महिला घायल

बारिश के बीच जंक्शन क्षेत्र में एक मकान में बने कच्चे कमरे की छत गिर गई। इस दौरान मलबे में दबने से एक महिला घायल हो गई, जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय निवासी गुड्डी देवी ने बताया कि उनके पड़ोस में करीब मूर्ति देवी (45) घर में अकेली रहती है। वह दिहाड़ी-मजदूरी करके गुजर-बसर कर रही है। देर रात को तेज आंधी के दौरान करीब 2 बजे कमरे की छत गिर गई और मूर्ति देवी मलबे के नीचे दब गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने मलबा हटाकर मूर्ति देवी को बाहर निकाला। मलबे के नीचे दबने से मूर्ति देवी के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर चोटें लगी। मलबे में दबने से कमरे में रखा घरेलू सामान भी खराब हो गया।

### अंधड़ के साथ हुई तेज बारिश

**रींगस, (निसं)।** अंचल में गुरूवार अल सुबह मौसम ने फिर से पलटी मार ली। पश्चिमी विक्षोब के असर से जमकर आंधी चली। इसके बाद झमाझम बारिश का दौर चला। इसके चलते अनेक स्थानों पर पानी भर गया वहीं मौसम में ठण्डापन आने से पंखे कूलर बन्द करने पड़े। गुरूवार दोपहर में फिर गर्मी ने अपना असर दिखा दिया। हालांकि तपन का ज्यादा असर नहीं रहा। गुरूवार देर रात करीब 3 बजे क्षेत्र में जमकर आंधी चली। इससे घरों के बाहर सो रहे लोगों को उठकर अपने घरों में जाना पडा। इसके बाद झमाझम बारिश का दौर चला।

# सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग, गिरफ्तारियां दी



कानूता में पुलिस को गिरफ्तारियां देते ग्रामीण।

**सुजानगढ़, (निसं)।** सुजला जिले की मांग को लेकर कानूता पुलिस चौकी में जनहित संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में सैंकड़ों लोगों द्वारा गिरफ्तारियां दी गई।

जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राम कुमार मेघवाल, कॉमरेड रामनारायण रूलानिया, शिक्षक नेता गुरुदेव गोदारा, एडवोकेट बनवारीलाल बिजारणिया, किसान सभा अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, जगदीश सोनी, पवन पारीक, महावीर मूंड, पवन भोजक आदि इस आंदोलन में शामिल हुए और गांव के चौक पर सभा की गई। जिसको सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हमें राजनीतिक पार्टियों की भक्ति छोडकर जिले के लिए संघर्ष करना चाहिए।

इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के जन हित संघर्ष मोर्चा कमेटी के अध्यक्ष चेनाराम कडेला कानूता, रमाकांत ओमप्रकाश बीडासर, रामेश्वरलाल, महिपाल भंवरलाल गोदारा मूंदडा, बजरंग सिंह फौजी करेजरा, महेंद्र पाल भूराराम ढाका लिखमीसर, केसरा राम गोदारा बागसरा, श्रवणराम, प्रेमाराम ठेकेदार, सहीराम मगरासर, धर्माराम जिंजा, राजकुमार शर्मा, ओमप्रकाश साहू, छगन सिंह राजपूत मूंदडा, रामनिवास सारण नारायणराम गोदारा, कमल डारा गेडाप, राजेश सारण, ओमप्रकाश ज्याणी आदि के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों से करीब 750 लोगों ने कानूता पुलिस चौकी पहुंचकर गिरफ्तारियां दी। वक्ताओं ने आव्हान किया आगामी सभा 4 जून को जनहित संघर्ष मोर्चा के बैनर तले चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पुराना बस स्टैंड पर होगी, जिसके लिए सभी को न्यौता दिया गया।

# बुजुर्ग ने चाकू दिखाकर महिला से रेप की कोशिश की

**अनूपगढ़, (कासं)।** 58 साल के बुजुर्ग ने चाकू दिखाकर महिला से रेप की कोशिश की। महिला के चिल्लाने पर उस तेजाब फेंक दिया। वह जैसे-तैसे जान बचाकर भागी। वारदात के बाद आरोपी भाग गया। वहीं 8 से 10 फीसदी तक झुलसी महिला को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

डीएसपी जयदेव सिहाग ने बताया कि महिला ने आरोपी शंकर सदा (58) पुत्र गोपाल सदा निवासी बिशनपुरा ढिंढाड़ी, बेगूसराय के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम का गठन किया गया है। वहीं पीड़ित महिला का सरकारी हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप करवाया गया है।

■ महिला पर तेजाब फेंका, 8 से 10 फीसदी तक झुलसी

अनूपगढ़ थानाधिकारी फूलचंद शर्मा ने बताया कि 40 साल की पीड़ित महिला का बयान लिया गया है। महिला ने बताया कि वह कचरा बीनने का काम करती है। उसने दो दिन पहले अपने कमरे से कबाड़ का सामान उठाने के लिए कहा और मोबाइल का नंबर लिया।

इसके बाद आरोपी ने रात को भी कबाड़ ले जाने के लिए कॉल किया। महिला ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 4 से 4.30 बजे के बीच सुनार की दुकान पर कचरा बीनने गई। आरोपी शंकर सदा ने गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ा और चाकू दिखाकर रेप करने की कोशिश की। हाथ छुड़ाने की कोशिश की तो पास ही रखी तेजाब की बोतल उस पर फेंक दी। जैसे-तैसे हाथ छुड़ाकर भागी।

महिला ने बताया कि पूरे शरीर में जलन हो रही थी। वह घर पहुंची और अपनी बेटी को साथ लेकर प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज करवाया। तेजाब के कारण उसका शरीर 8 से 10 फीसदी झुलस गया। आरोपी भी पीछे आया लेकिन बाद में भाग गया। इसके बाद अनूपगढ़ पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। आरोपी किराए का कमरा लेकर अकेला रहता था और बार-बार अपना कमरा बदलता रहता था।

# परीक्षा में नकल के लिए दिल्ली से खरीदी थी विग

**बीकानेर, (कासं)।** नकली बालों की विग में ब्लूटूथ लगाकर राजस्व अधिकारी की परीक्षा देने पहुंचे तीनों आरोपियों को बीकानेर पुलिस दिल्ली लेकर रवाना हुई। पुलिस विग विक्रेताओं से पूछताछ करने के साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालेगी। साथ ही आरोपियों द्वारा बूटूथ लगाने वाले व्यक्ति की तस्दीक भी करवाएगी।

पूरे प्रकरण की जांच कर रहे एडिशनल एसपी हरि शंकर ने बताया कि पुलिस जाब्ते के साथ दो एसआई अधिकारियों को आरोपियों के साथ भेजा है। इस मामले में गिरफ्तार जांगलू निवासी मनोज कुमार बिश्नोई, नत्थूसर बास के महेंद्र कुमार ब्राह्मण और रासीसर के पवन कुमार मंडा से मौका तस्दीक करवाएंगे। उल्लेखनीय है कि

■ विग में ब्लूटूथ लगाकर राजस्व अधिकारी की परीक्षा देने का मामला

तीनों आरोपियों को बीकानेर पुलिस की सतर्कता के चलते रविवार को आरपीएससी द्वारा आयोजित राजस्व अधिकारी (आरओ) भर्ती परीक्षा में नकली बालों में लगे बूटूथ सेटअप के साथ गिरफ्तार किया था। एडिशनल एसपी हरि शंकर ने बताया कि बूटूथ मामले के मुख्य नकल सरगना तुलछाराम कालेर की तलाश के लिए उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर उसे और उसके सहयोगियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के 12वीं वाणिज्य व विज्ञान वर्ग का परिणाम जारी

**अजमेर, (कासं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ने सीनियर सैकण्डरी के वाणिज्य व विज्ञान वर्ग का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड द्वारा जारी किए गए परिणामों मे एक बार फिर छात्राओं ने बाजी मारी है। बोर्ड परिणाम बोर्ड के नवनियुक्ति प्रशासक सीआर मीणा ने जारी किया। बोर्ड प्रशासक सीआर मीणा के अनुसार वाणिज्य वर्ग का परिणाम 96.60 प्रतिशत रहा। वही विज्ञान वर्ग 95.65 प्रतिशत रहा।

बोंर्ड प्रशासक सीआर मीणा ने बताया कि इस वर्ष वाणिज्य वर्ग के लिए 29387 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड किए गए थे जिनमें से 29030 ने परीक्षा दी व 28044 परीक्षाथी पास हुए है। इसी तरह विज्ञान वर्ग में 279911 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड किए गए थे जिनमें से 277375 ने परीक्षा दी व 265297 परीक्षाथी पास हुए है।

वाणिज्य वर्ग में छात्राओं का सफलता प्रतिशत 98.01 रहा वही 95.85 प्रतिशत छात्र उत्तीण रहे। विज्ञान में छात्राओं की सफलता का

■ छात्राओं ने मारी बाजी, वाणिज्य वर्ग का परिणाम 96.60 प्रतिशत रहा। वही विज्ञान वर्ग 95.65 प्रतिशत रहा

प्रतिशत 97.39 साथ ही छात्रों की सफलता 94.72 प्रतिशत रहा। गत वर्ष के मुक़ाबले विज्ञान और वाणिज्य के परिणाम में गिरावट आई है गत वर्ष के मुक़ाबले दोनों ही विषयों में लगभग एक प्रतिशत परिणाम कम रहा।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की सीनियर सैकेण्डरी की परिक्षाए गत 12 अप्रैल को समाप्त हुई थी इसके बाद बोर्ड प्रशासन परिणाम जारी करने में जुट गया था परीक्षा समाप्ति के 36 दिनों के भीतर ही बोर्ड ने परिणाम जारी कर दिया है। इससे पहले बोर्ड ने कोरोना काल में 29 दिनों में परिणाम जारी था। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का परिणाम पिछले साल की तुलता में एक प्रतिशत कम रहा है। वर्ष 2022 में 12वीं विज्ञान वर्ग की परीक्षा 96.53 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए थे वही वाणिज्य वर्ग में 97.53 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं के लिये कुल 21 लाख 10 हजार 569 परीक्षार्थी पंजीकृत किये गये हैं। सैकण्डरी परीक्षा के लिए कुल 10 लाख 67 हजार 478 परीक्षार्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन किया है। सीनियर सैकण्डरी परीक्षा के लिए 10 लाख 30 हजार 346 परीक्षार्थी परीक्षा में रजिस्टर्ड हुए।

### दुष्कर्म के आरोपी को सजा

**टोंक, (निसं)।** नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के करीब दो साल पुराने मामले में गुरूवार को पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास एवं 45 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोप है कि युवक मेहबूब नाबालिग को रात को घर से उठाकर खेत पर ले गया एवं वहां पर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया था। पीड़िता के दिये बयानों में आरोपी पर बालिका से दो-तीन बार दुष्कर्म किया करने की भी बात सामने आई। कोर्ट में पेश गवाहों एवं दस्तावेजों के साथ ही डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को दोषी माना गया एवं कोर्ट ने सजा सुनाई।

# बिजली बिलों में फ्यूल सरचार्ज का विरोध

**अलवर, (निसं)।** बिजली के बिलों में फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने को लेकर बीजेपी के नेताओं ने अलवर शहर में गुरुवार को मिनी सचिवालय के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। बीजेपी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मिनी सचिवालय के बाहर गहलोत सरकार के खिलाफ विरोध जताया गया। जिलाध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि बिजली फ्री देने का वादा कर सत्ता में आई गहलोत सरका ने वादाखिलाफी की है। अब बिजली के बिलों में फ्यूल सरचार्ज बढा दिया है। जिसके कारण आमजन पर बडा भार पडा है। इस कारण जनता में आक्रोश है। सरकार को बढाए गए फ्यूल सरचार्ज वापस लेने की जरूरत है। वरना बीजेपी आमजन को साथ लेकर बडा आंदोलन करेगी। बीजेपी के नेताओं ने अलवर शहर में पानी का संकट होने का मुद्दा भी उठाया है। शहर के पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल सहित अन्य नेताओं ने कहा कि सरकार आमजन के लिए पीने के पानी का इंतजाम करने में पूरी तरह फेल है। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, दिनेश भार्गव प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, निर्मल सूरा भाजपा नेता सहित अनेक पदाधिकारी सहित सेकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दौहरी पदोन्नित प्रदान करने का आदेश

## माध्यमिक शिक्षा चूरू का मामला

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर चलपीठ, जोधपुर ने प्रार्थी दिनेश कुमार मेघवाल द्वारा प्रस्तुत अपील को स्वीकार करते हुऐ उसे वर्ष 2010-2011 की रिक्तियों के विरूद्व स्कूल व्याख्याता एवं उसके पश्चात वर्ष 2018-2019 की रिक्तियों के विरूद्व प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नित देने का आदेश पारित किया।

तहसील सालासर जिला चुरू निवासी दिनेश कुमार मेघवाल की नियुक्ति अध्यापक ग्रेड द्वितीय के पद पर 22 दिसंबर 1996 को हुई थी। नियुक्ति के पश्चात वर्ष 2005 में प्रार्थी ने राजनिति विज्ञान में स्नाकोतर (एम.ए.) की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। प्रार्थी की योग्यता भी वर्ष 2005 मे सहायक निदेशक माध्यमिक शिक्षा चुरू द्वारा उसकी सर्विस बुक में इन्द्राज कर ली गयी। विभाग द्वारा उसकी सर्विस बुक में की गयी इन्द्राज के पश्चात उसे वरिष्ठता भी उसी अनुरूप प्रदान कर दी गयी। कालांतर में प्रार्थी से

■ राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर चलपीठ, जोधपुर ने आदेश पारित किया

कनिष्ठ कर्मचारियों को वर्ष 2010-2011 की रिक्तियों के विरूद्व स्कूल व्याख्याता के पद पर पदोन्नित प्रदान की गयी। लेकिन प्रार्थी को वर्ष 2013-2014 की रिक्तियों के विरूद्व स्कूल व्याख्याता के पद पर राजस्थान शिक्षा सेवा नियमों के तहत पदोन्नित प्रदान की गयी व बाद में वर्ष 2018-2019 की रिक्तियों के विरूद्व प्रार्थी से कनिष्ठ स्कूल व्याख्याताओ को पुनः प्रधानाचार्य के पद पर पदौन्नित प्रदान कर दी गयी। लेकिन विभाग द्वारा प्रार्थी को प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नित प्रदान नहीं की गयी।

अपीलार्थी को प्रधानाचार्य के पद विरूद्व पदोन्नित नही देने के स्कूल व्याख्याता के पद पर देरी से पदोन्नित देने के कारण प्रार्थी ने कई अभ्यावदेन प्रस्तुत किये व अंत मे अपने अधिवक्ता के माध्यम से विधिक नोटिस भी भेजा मगर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी। विभाग के इस कृत्य से व्यथित होकर प्रार्थी ने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक अपील अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की। प्रार्थी के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए अधिकरण ने प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील को स्वीकार करते हुए उसे उससे कनिष्ठ कर्मचारियों को जिस दिन से स्कूल व्याख्याता के पद पर पदोन्नित प्रदान की गयी उसी दिन से स्कूल व्याख्याता के पद पर पदोन्नित प्रदान करने व उसके पश्चात उसे भी वर्ष 2018-2019 की रिक्तियो के विरूद्व प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नित प्रदान करने का आदेश प्रदान किया। साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग को आदेश की पूर्ण पालना तीन माह के भीतर करने का आदेश दिया।

### फ्यूल सरचार्ज वापस लेने की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** विधुत विभाग द्वारा बीते कुछ माह से आमजन के बिजली बिलों में वसूले जा रहे फ्यूल सरचार्ज से जहां पहले ही जनता में राज्य सरकार के प्रति नाराजगी का माहौल था। वहीं दूसरी ओर विगत अप्रैल माह के बिजली बिलों में फ्यूल चार्ज को 18 से बढ़ाकर 59 पैसे प्रति यूनिट किये जाने से भयंकर आक्रोश व्याप्त है।

हाल ही के बिजली बिलों में 250 से लेकर 3000 रूपये तक की राशि बतौर फ्यूल सरचार्ज लोगों के बिलों में जुडकर आई है। इसी सम्बंध में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर तत्काल बढ़े हुए फ्यूल सरचार्ज को वापस लिये जाने की मांग की है। पत्र में कसाना ने लिखा है कि राज्य सरकार इसके नाम पर प्रदेश की आम जनता से अवैध वसूली कर रही है। राज्य सरकार ने महँगे दामों पर कोयला खरीदा, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। राज्य सरकार ने 8.5 हजार मेगावॉट क्षमता के थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट को रखरखाव के नाम पर बंद रखकर महँगी बिजली खरीदी। इसका परिणाम अब जनता भुगत रही है।

# दिल्ली-जयपुर हाईवे पर ट्रैलर पलटा

## आग की लपटों में जलता रहा ट्रैलर, कोई जनहानि नहीं हुई

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना क्षेत्र के नवलपुरा मोड के पास शेखावाटी होटल के सामने एक ट्रेलर पलट गया जिसमें भीषण आग लग गई।

थाना पुलिस ने बताया कि ट्रेलर में जीरो रोड़ी भारी हुई थी जो दिल्ली से जयपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान ट्रेलर असंतुलित होकर व डिवाइडर से टकराकर जयपुर से दिल्ली रोड पर आकर पलट गया, जिससे ट्रेलर में आग लग गई। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जिन्होंने ट्रेलर में फंसे सुनील बलाई को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस मय जाप्ते के पहुंची दमकल कर्मचारियों ने ट्रेलर की आग को बुझाकर आग पर काबू पाया। जिसके बाद क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त ट्रेलर को साइड में करवाकर यातायात को खुलवाया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि करीब आदे घंटे तक आग की लपटों में ट्रेलर जलता रहा। देखते ही देखते आग ने रफ्तार पकड़ी और धू धू कर



हादसे के बाद उठता धुंआ।

ट्रेलर जलने लगा। देर बाद सूचना पर दमकल मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया गया। इस दौरान करीब आदा घंटे तक हाइवे पर जाम लगा रहा।जिससे ट्रैफिक को सर्विस रोड पर डायवर्ट किया गया।

# सोने व हीरे की स्मगलिंग कर करोड़ों रु. विदेश भेजने के आरोपी नवरतन सिंह जैन को जमानत

## राजस्थान हाईकोर्ट ने करीब साढ़े 6 माह की न्यायिक अभिरक्षा के बाद आरोपी को जमानत दी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने फर्जी फर्म बनाकर सोने-हीरे व अन्य बहुमूल्य धातुओं की विदेशों से स्मगलिंग करने के आरोपी नवरतन सिंह जैन को करीब साढ़े 6 माह बाद जमानत पर रिहा कर दिया है। अदालत ने आरोपी को 2 लाख रुपये का बन्ध पत्र (बॉण्ड) व एक-एक लाख रुपये की दो प्रतिभूतियां पेश करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि जब-जब उसे अदालत में बुलाया जाए, तब-तब उसे पेश होना होगा। यह आदेश जस्टिस विनोद कुमार भारवानी ने प्रार्थी नवरतन सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **कस्टम विभाग का कहना है कि, आरोपी नवरतन सिंह जैन और उसके साथियों ने कई फर्जी कंपनियां बनाकर करीब 200 बैंक खातों के जरिए करोड़ों रुपये हॉन्ग-कॉन्ग और यू.ए.ई. में भिजवाए। करीब 80 किलो सोने फर्जी बिल इन फर्मों से तैयार हुए थे।**

कस्टम विभाग की ओर से अधिवक्ता संदीप पाठक और वर्तिका मेहरा ने आरोपी को जमानत पर रिहा नहीं करने के लिए दलीलें दी। कस्टम विभाग की ओर से अदालत में कहा गया कि आरोपी नवरतन सिंह जैन और उसके साथियों ने कई फर्जी कंपनियां बनाकर करीब 200 बैंक खातों के जरिये करोड़ों रुपये का फर्जी लेनदेन किया। आरोपियों ने कंपनियों के रिकॉर्ड व दस्तावेजों की जांच किए बिना ही करोड़ों रुपये के फर्जी सर्टिफिकेट जारी किए, जिनके आधार पर अवैध रूप से खरीदे हुए सोने, हीरे व कई बहुमूल्य धातुओं को विदेश से स्मगलिंग भारत लाया गया। इन जेवरातों को भारतीय बाजार में बेचकर करोड़ों रुपये हाँगकाँग व यूएई में भेजे गए।

कस्टम विभाग की जांच में सामने आया कि 200 बैंक खातों के जरिए करोड़ों रुपये का अवैध लेनदेन हुआ। आरोपी नवरतन सिंह जैन व उसके साथियों ने फर्जी फर्मों के नाम से गलत तरीके से बिल जारी करके यह रकम विदेशों में भिजवाई गई। करीब 80 किलो सोने के फर्जी बिल सामने आए हैं। इस पूरे मामले में नवरतन सिंह जैन व अन्य लोगों की संलिप्तता पाई जाने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

उधर प्रार्थी नवरतन सिंह की ओर से अधिवक्ता सहबन नकवी ने पैरवी करते हुए अदालत को बताया कि कस्टम अफसरों ने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में प्रार्थी के बयान रिकॉर्ड नहीं किए हैं, इसलिए इन कथनों को अमान्य माना जाए। कस्टम विभाग की जांच में भी ऐसी कोई बरामदगी नहीं हुई, जिससे नवरतन सिंह को दोषी बनाया गया।

नवरतन सिंह को 28 अक्टूबर 2022 को कस्म विभाग ने गिरफ्तार किया था, वह पिछले साढ़े 6 माह से न्यायिक अभिरक्षा में हैं, जबकि उसका पूर्व में कोई अपराधिक रिकॉर्ड नहीं रहा है। इसके अलावा इस मामले में अन्य आरोपियों को अदालत ने पूर्व में ही जमानत पर रिहा कर दिया है।

अधिवक्ता सहबन नकवी ने कहा कि धारा-132 सीमा शुल्क अधिनियम का अपराध जमानती है, धारा-135 सीमा शुल्क अधिनियम में दोष सिद्ध होने पर अधिकतम 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है और मामला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा अन्वीक्षा के योग्य है। चूंकि यह प्रकरण मुख्यतः दस्तावेजी और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पर आधारित है, जिसे खुर्दबुर्द करने की संभावना नहीं है। प्रकरण में साक्षी भी कस्टम विभाग के अधिकारी हैं, जिन्हें डराने-धमकाने की भी कोई आशंका नहीं है। इसलिए अदालत नवरतन सिंह जैन को जमानत पर रिहा करे। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद प्रार्थी नवरतन सिंह जैन को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए।

# जयपुर क्राइम ब्रांच ने एक करोड़ रु. का गांजा पकड़ा

- **उडीसा से तस्करी कर गांजा राजस्थान लाए थे बदमाश**
- **कंटेनर में गांजा छिपाने के लिए बना रखा था केबिन**
- **जयपुर के साथ सवाई माधोपुर और करौली में सप्लाई करता था गांजा**

**जयपुर** (कासं)। जयपुर क्राइम ब्रांच ने 1 करोड़ रुपए का अवैध गांजा पकड़ा है। उडीसा से बंद कंटेनर में भरकर गांजे की तस्करी कर राजस्थान लाया गया था। गांजे की तस्करी के लिए कंटेनर में सीक्रेट केबिन बना रखा था। क्राइम ब्रांच ने अंतर्राज्जीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 353 किलो गांजे से भरे कंटेनर को जब्त किया है।

एडि. कमिश्नर (फर्स्ट) कैलाश चन्द विश्नोई ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांज की तस्करी में आरोपी राजेन्द्र कुमार (25) पुत्र प्रकाशचन्द निवासी उदेई खुर्द पिलौदा सवाईमाधोपुर को अरेस्ट किया है। क्राइम ब्रांच के कांन्स्टेबल ड्राइवर भंवर सिंह को सूचना मिली कि उड़ीसा से मादक पदार्थ गांज की एक बंद कंटेनर से तस्करी कर उडीसा से राजस्थान लाया जा रहा है। तस्कर राजेन्द्र कुमार गांजे की खेप को अपने गांव उदेई कलां में खाली करेगा। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना पर सवाई माधोपुर में दबिश देकर गांजे से भरा कंटेनर पकड़ लिया। बंद बॉडी कंटेनर की ड्राइवर सीट के पीछे गुप्त रूप से केबिन बना रखा है, जिसका मुंह ऊपर की तरह खुलता है। कंटेनर में 353 गांजा भरा मिला। क्राइम ब्रांच ने तस्कर राजेन्द्र को अरेस्ट कर कंटेनर सहित गांजे को जब्त कर लिया। पकड़े गए गांजे की कीमत करीब 1 करोड़ रुपए है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कंटेनर वाहन पर दूसरे ट्रक के नंबर का फास्ट टेग लगा कर परिवहन करता था। तस्करी के दौरान आरोपित अपना मोबाइल नंबर बंद रखता था। उडीसा में समीर बलियारसी ने मुन्नीगुढ़ा स्थान पर एक राजस्थानी होटल के नाम से होटल खोल रखा है। जिसकी आड़ में अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करता है। वह पिछले दो साल से गांजा तस्करी का काम कर रहा है। डेढ़-दो महीने में उडीसा जाता है। 8-10 क्विंटल गांजा 2500-3000 रुपए प्रति किलो के हिसाब से लेकर आता है। सप्लायरों को 8-9 हजार रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचता है। बड़ी मात्रा में गांजे की सप्लाई महेश मालावत निवासी कानोता, राजेश गुर्जर निवासी नदौती करौली, भूरा उर्फ भूरी शर्मा निवासी कल्याणजी मंदिर गेट गंगापुर सिटी, रमेशी उर्फ सूगली निवासी नादौती करौली, सेठी हरिजन निवासी गंगापुर सिटी, पिपल्या महावर निवासी दौसा को बेचना बताया। उडीसा से तस्करी कर लाए गांजे को छोटी-छोटी मात्रा में जयपुर व आसपास के तस्करों को सप्लाई करते है। वह उडीसा से गांजे की सप्लाई खुद ही लाकर वाया दौसा होते हुए जयपुर, सवाई माधोपर और करौली करता है।

## संक्षिप्त

### युवक की संदिग्ध मौत से हड़कंप

**जयपुर** । आमेर इलाके में एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई। थानाधिकारी नन्दलाल ने बताया गांव महरौली, श्रीमाधोपुर निवासी बलवीर (36) को उसके परिजनों ने नशे की लत छुडाने के लिए इलाके में ठाठर रोड स्थित नई किरण नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। घटनाक्रम के मुताबिक 12 अप्रैल को उसकी तबियत बिगड़ गई। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग रिपोर्ट दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अब मृतक के भाई सुरेंद्र ने नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारी अनुज सिंह सहित अन्य पर मारपीट-टॉर्चर का आरोप लगाया है।

### युवती से दो लाख रुपये हड़पे

**जयपुर** । खोह-नागोरियान इलाके में एक युवती से ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया बाबा कॉलोनी निवासी सपना सिंह ने रिपोर्ट दी है कि परिचित पंकज सैन ने सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख रूपए हड़प लिए और नौकरी नहीं लगवाई। अब रूपए वापिस करने में आनाकानी कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं हरमाड़ा इलाके में एक व्यक्ति से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया सीकर रोड निवासी अरविन्द प्रकाश शर्मा के पास जालसाज ने घर बैठे कमाने का मैसेज भेजा और जब उसने संपर्क किया तो वेबसाइट पर अकॉउंट बना दिया। इसके बाद झांसे में लेकर 2 लाख 93 हजार 680 रूपए ऑनलाइन पार कर लिए।

### दो लाख रुपये रंगदारी मांगी

**जयपुर** । मालपुरा गेट इलाके में एक व्यक्ति से 2 लाख रूपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। जांच-अधिकारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया गणेश कॉलोनी निवासी प्रवीण छीपा ने रिपोर्ट दी है कि अज्ञात व्यक्ति मोबाइल पर कॉल कर 2 लाख रूपए की रंगदारी मांग रहा है, नहीं देने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर बदमाश की तलाश में जुटी है।

### शास्त्री नगर थाने में महिला से अभद्रता

**जयपुर** । शास्त्रीनगर थाना परिसर में एक महिला से बदतमीजी का मामला सामने आया है। एसीपी (शास्त्रीनगर) महेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया इलाके निवासी एक महिला ने इस्तगासे के जरिए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है 18 मार्च को वह पड़ौसी महिला का मुकदमा दर्ज करवाने के लिए उसके साथ थाने पर आई थी। यहां एसआई भंवर सिंह ने मुकदमा दर्ज नहीं किया और बदतमीजी करते हुए मोबाइल भी छीन लिया। पीड़िता ने खुद को पत्रकार बताया तो करीब 1 घंटे बाद मोबाइल वापिस किया। अब वह व्हाट्सअप कालिंग कर राजीनामा के लिए दबाव बना रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**जयपुर** । जालूपुरा इलाके में एक युवती से देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी युवती ने रिपोर्ट दी है कि कुंतेश जागा शादी का झांसा देकर देहशोषण करता आ रहा है। अब उसने शादी से इंकार कर दिया है।

# 'ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी' तकनीक से सफल एंजियोप्लास्टी की

- **हृदय की दोनों नसों में गंभीर कैल्सिफाइड ब्लॉकेज से जूझ रहा था मरीज**

**जयपुर** । देश में पहली बार हार्ट की आर्टरी के कैल्सिफाइड ब्लॉकेज में एंजियोप्लास्टी की ऐसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया, जिसमें सौरमंडल की धुरी की तरह चलने वाले ड्रिल (ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी) से ब्लॉकेज को साफ करके स्टेंट लगाया गया।

जयपुर के इटर्नल हॉस्पिटल में देश का पहला ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी केस हुआ जिसमें हृदय की दोनों नसों में गंभीर कैल्सिफाइड ब्लॉकेज से जूझ रहे मरीज की जान बचाई गई। मशहूर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. समीन शर्मा के निर्देशन में सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संजीव शर्मा ने यह सफल केस किया। डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि 65 वर्षीय मरीज के हार्ट की दोनों प्रमुख नसों में गंभीर कैल्सिफाइड ब्लॉकेज था।

मरीज के हार्ट की बाईं धमनी में 95 प्रतिशत और दाईं धमनी में 100 प्रतिशत ब्लॉकेज था जिसमें काफी मात्रा में कैल्शियम जमा था। करीब 1 घंटे के प्रोसीजर में ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी तकनीक की मदद से कैल्शियम को पूरी तरह साफ करके वहां स्टेंटिंग की। डॉ. शर्मा ने बताया कि देश में पाए जाने वाले हार्ट ब्लॉकेज में 25 से 30 प्रतिशत मामले कैल्सिफाइड ब्लॉकेज के होते हैं। अभी तक ऐसे मामलों में रोटाब्लेशन एवं आईवीएल (शॉकवेव) तकनीक का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन ऑर्बिटल एथेरेक्टॉमी तकनीक दोनों तकनीकों से ज्यादा एडवांस है। यह बड़ी और छोटी दोनों नसों में कारगर है और कैल्शियम को काफी छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ देता है जिससे ब्लड फ्लो के साथ ही कैल्शियम नस में से निकल जाता है।

# 9 लाख 72 हजार की लूट की वारदात का पर्दाफाश

## विधायकपुरी पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया

**जयपुर** (कासं)। विधायकपुरी पुलिस ने 3 मई को व्यापारी के साथ दिनदहाड़े 9 लाख 72 हजार की लूट की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 17 हजार रुपए और वारदात में काम ली गई मोटरसाइकिल जब्त कर ली है।

डीसीपी योगेश गोयल ने बताया कि 3 मई को पीड़ित यश जैन ने विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज करवाया था कि उसके दोस्त को 9 लाख 72 हजार रुपए देने थे। जिसके लिए वह अपने कर्मचारी राहुल जैन को 7 लाख 22 हजार रुपए देकर और रज्जाक से 2 लाख 50 हजार रुपए लेकर दोस्त को पूरा पेमेंट देने के लिए कहा। इस पर राहुल जैन रज्जाक के भतीजे से 2 लाख 50 हजार रुपए राज मंदिर सिनेमा की पीछे वाली गली में प्राप्त कर 9 लाख 72 हजार रुपए स्कूटी की डिक्की में रखकर ले जा रहा था। कुछ दूर जाते ही दो बाइक सवार युवक आए और राहुल जैन की स्कूटी गिरा दी। उसके बाद मारपीट करना शुरू कर दिया। बदमाश 9 लाख 72 हजार रुपए लूटकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे। दिनदहाड़े लूट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एक स्पेशल पुलिस टीम का गठन कर घटनास्थल के आसपास करीब 100 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज को चेक करके कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आरोपित नसरुदीन निवासी जयसिंहपुरा खोर और मोहम्मद मोहसिन निवासी शास्त्री नगरको गिरफ्तार किया है।



विधायकपुरी पुलिस ने व्यापारी को लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी भारत सिंह राठौड़ ने बताया कि दोनों आरोपी ने मोटरसाइकिल से राज मंदिर सिनेमा की गली में से राहुल जैन की स्कूटी को गिरा कर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी मोहसिन ने राहुल जैन से मारपीट की और नसरुद्दीन ने स्कूटी से रुपए निकाल लिए और इसके बाद मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गए थे। आरोपियों से पूछताछ के दौरान कई खुलासे होने की संभावना है।

## सार-समाचार

### मुद्रणालयकर्मियों ने अनशन किया



**जयपुर** । राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहा क्रमिक अनशन गुरूवार को 64 वें दिन भी जारी रहा। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि आज राजकीय मुद्रणालय के कर्मचारी अमर सिंह के नेतृत्व में जितेंद्र मीणा, रामशरण सोलंकी, मनीष शर्मा और राम खिलाड़ी मीणा क्रमिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। आज अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, देवेंद्र सिंह नरूका, छोटे लाल मीणा, ललित मोहन शर्मा, महेंद्र शर्मा, रमेश तिवारी, सुभाष लुगारिया, प्रकाश चंद यादव, रमेश चंद चौधरी, गोपाल लाल आलोरिया, केदार यादव, संजय मेहरा, शहादत अली, रवि शर्मा और कजोड़ मल बैरवा सहित अन्य कर्मचारी अनशन पर बैठे।

### तीन हथियार तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** (कासं)। कालवाड थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से दो देशी पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए है।पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित मध्यप्रदेश से हथियार लाकर जयपुर में सप्लाई करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन' (आग) तहत कार्रवाई कालवाड थाना पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले हितेश बिश्नोई (22) निवासी जाब जिला जालौर, रमेश बिश्नोई (20) निवासी करडा जिला सांचौर और आशीष यादव (26) निवासी बुहाना जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से दो देशी पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए गए है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित हितेश बिश्नोई अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करता था और इसके बाद वह अवैध हथियारों की तस्करी करने लग गया।

### युवती का आईफोन छीन ले गए बदमाश

**जयपुर** । मानसरोवर इलाके में मोबाइल स्नेचर्स एक युवती को धक्का देकर उसका आईफोन छीन ले गए। जांच-अधिकारी एएसआई वीरेंद्र सिंह ने बताया मंगलम अर्पण, मोहनपुरा निवासी खुशबू अग्रवाल 16 मई की रात करीब 9 बजे भाई के साथ स्कूटी पर पीछे बैठ घर जा रही थी। इस दौरान न्यू सांगानेर रोड पर बाइक सवार तीन बदमाश आए और जबरन आईफोन छीन लिया। इसके बाद धक्का देकर गिरा दिया। हादसे में युवती के कोहनी में चोट आई है। पुलिस मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

# प्रदेश में 11 नए करोना संक्रमित मरीज मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । प्रदेश में गुरूवार को 11 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस दौरान 95 मरीज रिकवर हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर ढाई सौ के करीब आ गए हैं।

प्रदेश में गुरूवार को 8 जिलों में 11 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले बुधवार को इनकी संख्या 22 रही थी। इधर आज चित्तौड़गढ़, राजसमंद और उदयपुर में 2-2 तथा बांसवाड़ा, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर और टोंक में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 3367 कोविड जांच की गई है।

प्रदेश में गुरूवार को 95 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 251 रह गए हैं। इनमें जयपुर में 92 केस मौजूद हैं। इसके अलावा पाली में 35 और उदयपुर में 34 एक्टिव केस बचे हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9730 लोगों की मौत हो चुकी है।

# जयपुर में खेल अकादमी व ई-व्हीकल चार्जिंग पॉइंट शुरू करेगा ग्रेटर निगम

## 25 मई को होने वाली साधारण सभा की बैठक में 21 प्रस्तावों पर होगी चर्चा

**जयपुर** (कासं)। जयपुर ग्रेटर नगर निगम अपनी खुद की खेल अकादमी खोलेगा। इसके साथ ही ग्रीन बॉन्ड भी जारी किया जाएगा। निगम प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू की है।

इसके लिए 25 मई को होने वाली साधारण सभा (बोर्ड बैठक) की बैठक में प्रस्ताव पर मुहर लगाई जाएगी। इसके अलावा ग्रेटर निगम क्षेत्र के सभी सामुदायिक केन्द्र अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। निगम का अत्याधुनिक सुविधा युक्त ऑडिटोरियम भी होगा। इनके प्रस्ताव साधारण सभा की बैठक में रखे जाएंगे। दरअसल ग्रेटर नगर निगम की चतुर्थ बोर्ड बैठक 25 मई को निगम के स्वामी विवेकानंद सभासद भवन में होगी। इसमें 21 प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इसमें सबसे अधिक एजेंडे सफाई से जुड़े हुए है। नगर निगम ग्रेटर के मानसरोवर जोन, विद्याधर नगर जोन, झोटवाड़ा जोन, जगतपुरा जोन, सांगानेर जोन में बैटरी चलित ई-हूपर घर-घर से कचरा संग्रहण का काम करेंगे। ई-हूपर खरीदने के लिए बजट की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी बोर्ड बैठक में ली जाएगी।

- **ग्रेटर निगम के मुख्यालय भवन में पार्किंग विकसित करने, सामुदायिक केन्द्रों में सुविधाएं बढ़ाने और सफाई के प्रस्तावों पर होगी चर्चा**



सूत्रों की मानें तो बैठक में नगर निगम ग्रेटर जयपुर के सामुदायिक केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं के अनुरूप विकसित करने पर चर्चा होगी। नगर निगम ग्रेटर के सामुदायिक केंद्रों में गर्मी के दिनों में विश्राम स्थल बनाने के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। निगम के विकसित शवदाह गृह व श्मशान घाट में निगम द्वारा निःशुल्क गोकाष्ठ उपलब्ध कराई जाएगी।

नगर निगम ग्रेटर के सर्किल, डिवाइडर, तिराहा चौराहा आदि का विकास एवं संधारण कार्य विकास समितियों, संस्थाओं, कंपनियों के माध्यम से करवाने के संबंध में चर्चा होगी। ग्रेटर निगम मुख्यालय कैंपस के गार्डन एरिया में बेसमेंट पार्किंग विकसित करने पर चर्चा होगी।

# प्रताप सिंह के आरोप निराधार व गलत है : अभिमन्यु सिंह राजवी

## 'समाधि स्थल की जमीन आवंटन करने का श्रेय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को जाता है'

**जयपुर** । भाजपा युवा नेता अभिमन्यु सिंह राजवी ने कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए बयान बिल्कुल निराधार एवं गलत है। अभिमन्यु ने कहा कि भैरोंसिंह की समाधि स्थल के लिए उनके कहने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्थान अलॉट करवाया। ऐसे में अकेले प्रतापसिंह खाचरियावास का इसे लेकर श्रेय लेना एक ओछी बात है, हो सकता है कि उनका इसमें सहयोग रहा होगा और तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उनसे राय ली होगी। समाधि स्थल तय करने को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की विशेष भूमिका रही। अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा कार्यालय में भैरोंसिंह का फोटो हमेशा से लगा रहा है।

ग्यारह साल पूर्व स्वर्गीय भैरोंसिंह शेखावत की मूर्ति लगाई गई तब वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी इसमें शामिल होने आए और परिवारजन और बहुत से लोग स्वर्गीय शेखावत को श्रद्धांजलि देने वहां गए थे।

अभिमन्यु ने कहा कि प्रतापसिंह खाचरियावास का यह कहना कि इस जन्मशताब्दी समारोह को लेकर स्वर्गीय भैरोसिंह शेखावत के भ्राता और उनके पिता लक्ष्मणसिंह को निमंत्रण नहीं दिया गया जो कि बिल्कुल गलत है क्योंकि 13 मई की शाम को लक्ष्मणसिंह को बकायदा फोन पर मेरे भाई विक्रमादित्य सिंह ने निमंत्रण दिया गया और उन्होंने इस पर कहा कि वे इस आयोजन में जरूर आएंगे। ऐसे में या तो प्रतापसिंह के पिताजी ने उनको यह बात बताई नहीं या फिर मंत्रीजी ने इस संबंध में उनसे पूछना लाजमी नहीं समझा।

# नशे में धुत्त पिकअप ड्राइवर ने कार समेत चार वाहनों को टक्कर मारी

- **सोडाला के नंदपुरी चौराहे पर हुआ सड़क हादसा**
- **पुलिस ने तीन घायलों को एस.एम.एस. अस्पताल भेजा**

**जयपुर** (कासं)। सोडाला के नंदपुरी चौराहे पर तेज गति से आ रही बेकाबू पिकअप ने गुरुवार शाम तांडव मचा दिया। मलबे से भरी पिकअप की रफ्तार इतनी तेज थी कि भारत जोड़ो एलिवेटेड से उतरते ही उसे कार सहित रिक्शा, दो बाइक, ई रिक्शा और स्कूटी कों टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया और पिकअप को जब्त कर लिया।

दुर्घटना थाना पुलिस के एएसआई गिरधारी लाल ने बताया कि हादसा गुरुवार शाम करीब 5 बजे हुआ। चाकसू निवासी महेश यादव शराब के नशे में धुत होकर तेज गति से पिकअप चला रहा था। उसने सबसे पहले भारत जोड़ो एलिवेटेड से नीचे उतरते समय नंदपुरी चौराहे पर प्रमोद शर्मा की कार को टक्कर मारी, पिकअप की स्पीड इतनी तेज थी कि वह कार को घसीटते हुए करीब 50 मीटर तक चली गई। कार का एयरबैग खुलने से प्रमोद को ज्यादा चोट नहीं आई। इसी दौरान कार के पीछे आ रही दो बाइक, ई रिक्शा और एक एक्टिवा स्कूटी को भी उसने चपेट में ले लिया और आगे खडे ट्रैक्टर ट्राली से टकरा कर रुक गई। दुर्घटना में कार सवार महावीर नगर निवासी प्रमोद शर्मा, स्कूटी सवार गांधी पथ निवासी अनिता हाडा, बाइक सवार मुकेश शर्मा और अजय सिंह राजावत के चोट आई है। मुकेश और अजय के पैर में फैक्चर हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप बहुत तेज स्पीड में थी। वह कार और अन्य वाहन को घसीटते हुए ले गया। सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। अगर ट्रॉली खड़ी नहीं होती तो ये और अन्य वाहनों को भी अपने चपेट में लेता। इससे भारी जनहानि होती। घटना के समय कई वाहनों की आवाजाही हो रही थी। लोगों ने बताया कि भारत जोडो एलिवेटेड की ये सड़क नंदपुरी चौराहे के पास गलत निकाली गई है। पुलिया से वाहन तेज गति से उतरते है और बेकाबू होकर नीचे वाहनों से टकरा जाते हैं। पहले भी कई बार वाहनों की दुर्घटना हुई है।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर 4 हजार चालान काटे

**जयपुर**, (कसं)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बुधवार शाम सात बजे से रात 11 बजे तक चलाए गए राज्यव्यापी अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 हजार 139 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा भीलवाड़ा जिला पुलिस द्वारा सर्वाधिक 300 चालान किए गए।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात वी के सिंह ने बताया कि बुधवार को शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध पूरे प्रदेश में शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक एक विशेष अभियान चलाया गया। इसमें थाना पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में दो स्थानों और जिले के ट्रैफिक पुलिस द्वारा तीन स्थानों पर नाकाबंदी की गई।

सिंह ने बताया कि अभियान में 361 बड़े वाहन चालकों और 3778 दुपहिया वाहन चालकों समेत कुल 4139 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें थाना पुलिस द्वारा 285 बड़े वाहन व 3310 दुपहिया वाहन चालकों तथा यातायात पुलिस द्वारा 76 बड़े वाहन 468 दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। ए.डी.जी. ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाते मिले 4139 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन के लिए संबंधित जिला परिवहन अधिकारी को भेजा जाएगा।



## International Virtual Assistants Day

Virtual assistants are individuals who mostly work on a freelance basis to deliver managerial, administrative and personal assistance related services to clients. They offer support to clients and business owners who need a bit of help but don't need to hire a person to stay in an office or do their work in person. International Virtual Assistants Day is here to raise awareness for the plight of these work-from-home professionals and show appreciation for them!Boost awareness about the role of virtual assistants in the world of business.



#CANINE

# Why Do Dogs Tilt Their Heads?

The endearing behaviour is well-known, but few researchers have investigated the reasons why dogs tilt their heads. A recent study offers some clues.



You already know the look: Your dog is staring up at you, its eyes shining with curiosity and ears perked up. And, of course, the pup's head is cocked slightly to one side in response to the sound of your voice.

It's just one of the many charming quirks that dogs possess. And a quick Google search will offer up plenty of theories for their adorable head-tilting behaviour. For example, some veterinarians suggest that dogs tilt their heads toward their owners to show that they are engaged and prolong the interaction, similar to the way that humans nod during a conversation to show that we're listening.

But surprisingly, little research has investigated the reasons behind it. A recent study, however, may offer some hints - and suggests that the head-tilt could be a sign that your canine companion is trying to better understand you.

### Studying the Head-Tilt

Researchers have found that plenty of animals – fish, reptiles, birds, mammals and even humans – process sensory



information asymmetrically, meaning that they use the left or right side of their brain. Other studies demonstrate that dogs display this asymmetry, too, often wagging their tail to one side or sniffing with one nostril over the other.

But when it comes to head tilting in dogs, the scientific literature is far scarcer. "It's a very common behaviour in dogs," says Andrea Sommesse, an animal behaviour researcher at EötvösLoránd University in Hungary. "There are a lot of anecdotes and stories and all that, but there was no scientific publication on this."

That is, until Sommese and his colleagues found that "gifted" dogs - meaning those that could memorize the names of a number of different toys - frequently cocked their heads to the side before correctly fetching a specific toy.

### An Unexpected Discovery

Sommese says that the finding came as a surprise; the scientists stumbled upon it while conducting a small study of gifted "word learner" dogs. While most dogs have a hard time learning the names of even two toys, these seven special pups could remember and retrieve at least 10 different toys, by name, after learning them from researchers

What's more, the team saw that the pups with a penchant for playing fetch cocked their heads after being prompted with a command ("bring rope!") more often than their less-skilled peers. That's when Sommese and his colleagues decided to dig deeper.

"All of us noticed this," he adds. "So we started talking about it, because it was getting more and more consistent. And then we decided to analyse it."

### Tilting Their Heads

In the 2021 study, which took place over several months, the scientists compared the retrieval abilities of the seven "gifted" dogs - all of them border collies - with those of 33 "typical" dogs. Sommese says they designed the experiment with the dogs in one room and the toys in another.

"So [the dogs] don't actually see the toys," he continues. "And when the owner asks for a toy by name, [the dog] hears the word, the stimulus, and they're like, 'Okay, let me think about this. What is it?' And then they go and fetch it."

The study authors found that when prompted by a command from their owner, the gifted dogs cocked their heads 43 percent of the time, compared to just 2 percent of the typical dogs. Thus, the head tilt could be a sign of mental processing - meaning that the pups are likely paying attention or even matching the toy's name with a visual memory of it in their head.

"[The head tilt] is a way to think about something," adds Sommese. "To get what we call a 'mental representation' of the item or the toy."

### Other Reasons For The Tilt

Monique Udell, an animal behaviourist who studies human-animal interactions at Oregon State University, notes that there could be other explanations for the head-tilting behaviour beyond concentration and recall.

"Maybe it helps them see better or hear better - and get a different perspective," Udell says. "Lots of species will move their heads or bodies to respond to important stimuli in order to get a better sense of what that thing is."

Going forward, she hopes that scientists will investigate whether different breeds of dogs tilt their heads in response to other factors in their environment, as well.



FP extended to the minister a small suitcase and clicked it open to show it crammed with currency. To his bewilderment, instead of the usual grasping fingers being extended, the minister's face took on an angry hue. Gripping his chair tightly, he bellowed in indignation, "How dare your Mr. Money Bags, attempt to buy me? Does he think I will betray the trust of the public? Get out of my office before I have you arrested for attempted bribery!"

# When Corruption Vanished

#GODLY WAYS



N.N. Sachitanand
*Senior journalist*



Viswakarma.



The gods were disgusted. A nauseous stink pervaded the high heavens. Viswakarma, the engineer for the immortals, was urgently summoned by the Most High.

"Whence this odious odour, Viswakarma?" asked the Lord.

"Sire, it comes from the land of Bharat in Bhoo Lok. It arises from a peculiar type of decay called Corruption."

"Well, whatever it is, do tackle it expeditiously. The stench is getting to be unbearable. I must say, though, I did not expect this from my own people. What's the matter? Have the good folk of Bharat forgotten us?"

Viswakarma hesitated, then blurted out, "Not exactly, sire. They do sing your praises still in their temples. But a devil named Mammon is overwhelmingly guiding their actions. Some mental tempering will be required to wean Bharat wasis from his influence."

"Hmm! In that case send down Narad to do the job. He is adept at such things."

"Just what I was going to suggest, Lord," concurred Viswakarma.

As he descended to Bharat on his mission, the sage Narad was appalled. The whole country stank. For a moment he was at a loss as to where to begin. Then his sharp intelligence reasserted itself. He decided to explore the land and find out which places gave off the most awful odour.

Sure enough, he landed up in the capital.

"Narayan! Narayan!" he exclaimed, holding on to his nostrils, "This place smells like a sewer. Corruption must have reached a stage of final putrefaction here. I guess this is the most appropriate place to begin my experiment."

Closing his eyes in meditation, the sage recited a mantra.

PWD engineer O.P. (Open Palm) Singh felt a funny tingle go through him. For a while he felt queasy and then everything settled down. But his mind was spinning with strange thoughts which he had never entertained before.

He strode towards the work site where the contractor was supervising the concrete mixing. He observed that the contractor was cheating on the portion of cement to be added.

He shouted out, "Stop this work immediately. What do you mean by using inferior concrete in this building?"

The contractor looked at him in puzzlement. Never in the past ten years of cheating had the engineer sahib ever put such a question. "Must be a touch of the sun", he surmised.

He put his arm around the engineer's shoulders and said soothingly, "Now, now O.P. Babu, you have been working too hard. Why don't you go and lie down in the shade and let us get on with the work?"

Shrugging off the contractor's arm the engineer retorted angrily, "Don't you try to soft soap me. I am going to report you to the authorities. The audacity of it! Mixing low grade concrete before my very eyes!"

Since he had been doing just that for the past two months, without OPji raising even a frown, the contractor was bewildered. Then he thought, "Oh, the chap wants more money. My God! Won't these leeches ever be satisfied? Just the other day he had given the fellow Rs. 20,000."

"All right, how much this time?" asked the contractor resignedly.

"How much what?" asked the engineer in a puzzled tone.

"Oh come on. There is no time for games, You know what I mean. But don't keep pestering me so frequently. After all, I can only afford so much. And the AE and EE have also be taken care of"

"Just what are you talking about?"

"Ho! What a thing to ask! You should have taken up acting. All right. I will make the first move. Here." Saying which the contractor placed a sheaf of Rs. 100 notes in the engineer's hand.

Snatching his hand away OP roared angrily, "Ha! I see your game now. You want to buy my silence, eh? You rascal! Get out of here. I am going to report you to the AE and have you debarred from the Approved Contractors list."



NaradaMuni.

Narayan! Narayan!" he exclaimed, holding on to his nostrils, "This place smells like a sewer. Corruption must have reached a stage of final putrefaction here. I guess this is the most appropriate place to begin my experiment." Closing his eyes in meditation, the sage recited a mantra. PWD engineer O.P. (Open Palm) Singh felt a funny tingle go through him. For a while he felt queasy and then everything settled down. But his mind was spinning with strange thoughts which he had never entertained before.

"Mad!" thought the contractor. "The strain of work must have been too much for the chap."

He was not overtly worried about the threat of the engineer. After all, both the AE and his boss, the EE, had been taken care of.

"Better pay them a visit, though, and brace them with some offerings," he decided.

The poor man was in for some nasty shocks that day. The AE raised the roof when offered an "incentive" to ignore the engineer's complaint. The contractor found himself all but thrown out of the AE's office.

The interview with the EE was still worse. "Just what sort of a person do you think I am, you crook!" roared the EE. "I will have you arrested for offering me a bribe. I am a public servant, you know"

With great difficulty and a lot of abject begging and pleading the contractor managed to leave the EE's office without having to confront the Police. Still wondering whether it was all a bad dream, he withdrew his task force from the construction site.

Shri A.M. (Ask More) Lal, the Excise Inspector, woke up that day with a queer buzzing in his head. Since he had not been on any binge the previous night, he was slightly alarmed. But his headache soon vanished and he regained his heartiness.

He had to inspect the local brewery that day. When he reached the place, the manager welcomed him with easy familiarity, led him to the office and called for a glass of beer for him.

However, before the manager could even settle down in his seat the inspector stunned him by saying curtly, "No thank you. I don't drink while I am on duty. Let us get on with work at hand. Please show me the stock that has to go through Excise."

The manager was thunderstruck. He stuttered, "B-but you have never asked to be shown the stock before. What is the matter?"

"What do you mean? I am here to check the manufactured stock. That is my job."

A sudden comprehension dawned in the manager's eyes. "Oh, I get it now," he said, almost jovially. "You are in a hurry today. Well, why didn't you tell me straight away. After all, we have known each other for a long time. Here you are."

Saying which he opened a drawer, took out a fat envelop from it and extended it towards the inspector.

"What's this?" asked Lal.

"The usual compensation."

"For what?"

"Your wasted time."

"What do you mean?"

"Do have to spell it out?"

"Look, let us quit talking in riddles. Just lead me to your stock. "

"All right, all right, I will double it. Though, I must say, you people are getting to be inflationary."

Another fat envelop was placed near the inspector.

Impatiently the inspector snapped, "Look, are we to keep collecting envelopes all day or shall we get on with the job of stock checking?"

"Man, isn't that enough for you?" asked the manager, indicating the envelopes. "Why don't you take a peep at the amount first?"

Gingerly the inspector opened one of the envelopes. A sheaf of Rs.100 notes cascaded out. With a violent start, the inspector hissed, "My God, money!"

"And not counterfeit, mind you," said the manager smugly.

The inspector was apoplectic with fury.

"Bribery!" he shouted. "Good God! What will you people try next? Well, it will get you nowhere. Now I am more determined to examine your stocks."

So saying, the inspector strode towards the door of the cabin.

"Here, listen! What's come over you?" remonstrated the manager. "A nice, cooperative guy just a day ago. Calm down."

"Offering me money! Ha!"

"Okay, Okay, my mistake. Now, just tell me what you want. A scooter, a watch, a TV set? What?"

The inspector shouted out, "Still thinking in terms of buying me over? Can't you fellows get it through your heads that there are some things you cannot buy or sell and a Government officer is one of them?"

That last claim was too much for the manager. He doubled over with laughter and barely managed to gasp, "Ho! Ho! A Government official cannot be bought! Ha! Ha! You must be mad. Hee! Hee!"

As the minister, Shri F.S. (Favour Seller) Prasad donned his khadi cap that morning, he felt a peculiar twinge go through his frame. The Gandhi cap suddenly felt heavy on his head.

"Must be something I ate yesterday," he thought.

A few minutes later his aide announced that Mr. F.P. (Free Purse) Dave was waiting to see him. The minister frowned. This struck the aide as unusual. Normally, Mr. Dave's name brought a gleam of anticipation into the ministerial eye and dissipated the furrows on his brow. Dave was the liaison officer for the well - known industrialist M.B. (Money Bags) Aggarwal.

There was another shock in store for the aide. Instead of heartily asking Dave to be sent in, the minister coldly ordered, "Tell the gentleman to meet me at my office at 3 pm during the official visiting hours. The nerve of these fellows. Invading the privacy of my house to curry favours."

The aide was perplexed. He had never heard the minister utter such opinions.

If the aide was shocked, FP was stunned. "What's biting the pompous ass?" he wondered. Frantically, he tried to recollect whether any promise he had made to the minister for funding had not been fulfilled.

"Why, only last week I had placed the blighter's moronic nephew in a managerial post in Aggarwalji's machine tool factory," recollected FP in high dudgeon.

However, though FP personally felt like giving the boot to the minister, functional considerations prevented him from giving vent to his inclination. MB desperately wanted the licence for the proposed iron ore mine to go through. And Favour Seller Prasad's palm had to be greased for that to happen.

At the appointed time, FP breezed into the minister's office with easy familiarity. He was somewhat disconcerted by the minister's frosty glare and curtly formal greeting, "Yes, Mr. Dave?" (None of that usual - "Hello FP, what are you fishing for today?")

Masking his unease at this change in stance, FP assumed an unctuous manner and said, "How are you now, sir?"

"What do you mean - now?"

"Why I thought you were indisposed in the morning and therefore unable to meet me."

"That had nothing to do with my health," snapped the minister. "I just do not like to meet business visitors at my residence."

"Since when, you old rascal?" thought FP. "Must be one of your tricks to raise the ante."

But aloud he said effusively, "Quite right, sir. That is the correct attitude for a public servant to adopt."

"Well, well, what have you come to see me about Mr. Dave? Please be brief for I have a very busy schedule today."

"No doubt, you unscrupulous crook," thought FP, "Must be many more chickens to be plucked today."

But aloud he said, "I quite understand, sir. It is about the iron ore mine which Mr. Aggarwal is planning to put up. He is very anxious to commence the project soon. So, he would be very grateful if you would kindly expedite the clearance, sir."

The minister frowned and said, "But you know it is against our Government's policy to permit iron ore mining in that area due to environmental concerns."

"Oh sir, you know and I know that there are ways to surmount these policy hurdles. Mr. Aggarwal is prepared to express his gratitude to you in any way you desire, sir." The last was said with special emphasis.

"I am sorry Mr. Dave," said the minister firmly, "We cannot change our policy for just one company's sake."

With a confident air FP played his usual trump card, which had hitherto never failed to work.

"Aggarwalji realized, sir, that you might be faced with some difficulty in this matter. He has, therefore, proposed to compensate you personally for it in advance. Please accept this small token from him. The party will be taken care of later."

FP extended to the minister a small suitcase and clicked it open to show it crammed with currency. To his bewilderment, instead of the usual grasping fingers being extended, the minister's face took on an angry hue. Gripping his chair tightly, he bellowed in indignation, "How dare your Mr. Money Bags, attempt to buy me? Does he think I will betray the trust of the public? Get out of my office before I have you arrested for attempted bribery!"

Totally at a loss at such unprecedented behaviour, FP retreated in haste from the minister's office. Money Bags Aggarwal did not get the mining licence.

A year rolled by. The stench from Bharat had subsided to tolerable limits and the gods were pleased. But they were unhappy about a new nuisance - a terrible din which arose from the land. Vishwakarma was again summoned.

"Whence this cacophony?" asked the Most High.

"Lord, it emanates from the land of Bharat. It is a concerted volley of curses and supplications."

"Why so, Vishwakarma?"

"It is Narad's doing, sire. He invoked a mantra which immediately made the officials of Bharat incorruptible. The Administration is working strictly by the rule book and not taking any corruption-induced short cuts. All projects are at a virtual standstill. People who are in a hurry - and most of the doers and go-ahead persons belong to this group - are frustrated. The general populace is suffering because of the in action andraising a hue and cry."

The Lord pondered for a while and then said, "Well, this is indeed a most piquant situation. But we cannot let our people suffer. Tell Narad to undo his spell. And order nose clips for us. I guess we will have to learn to live with the stench of corruption from Bharat."

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Concrete mixing.



Inspection at local brewery.



Machine tool factory.

#AIR-POLLUTION

# Alzheimer's Risk

The link between air pollution and Alzheimer's disease is concerning, as the prevalence of toxicants in ambient air is rising globally.



In a new study with mice, researchers found exposure to traffic-related air pollution led to memory loss and cognitive decline and triggered neurological pathways associated with the onset of Alzheimer's disease.

"The link between air pollution and Alzheimer's disease is concerning, as the prevalence of toxicants in ambient air is not just on the rise globally, but also hitting close to home here in Irvine," says corresponding and senior author Masashi Kitazawa, associate professor of environmental and occupational health in the program in public health at the University of California, Irvine. "Our findings are just one example of what particulate matter can do to brain function."


Alzheimer's disease is the most common cause of dementia among the elderly and is a growing public health crisis in the US as well as several other countries. Despite extensive research on all aspects of Alzheimer's disease, its exact origins remain elusive. Although genetic predispositions are known to play a prominent role in disease progression, growing bodies of evidence suggest that environmental toxicants, specifically air pollution, may cause the onset of Alzheimer's disease.

Kitazawa and his team compared mouse models at two ages. Researchers exposed a group of 3- and 9-month-old mouse models to ultrafine particulate matter for 12 weeks via ambient air collected in Irvine. A second group was exposed to purified air. The differing ages were used to determine the potential impact of particulate matter exposure during highly vulnerable life stages: developing youth and the elderly.


The researchers conducted testing related to memory tasks and cognitive function and found that exposure to particulate matter impaired both benchmarks. Notably, they also discovered that their older models (12 months at the time of analysis) showed brain plaque build-up and glial cell activation, which are both known to increase inflammation associated with the onset of Alzheimer's disease.

"Air pollution is one of the very few prominent, modifiable environmental risk factors in Alzheimer's disease," says co-author Michael Kleinman, adjunct professor of environmental and occupational health in the program in public health.

"This evidence is alarming, and it's imperative that we take action to adopt effective and evidence-based regulations, spread awareness on lifestyle changes, and work together to improve our air quality," Kitazawa adds.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman





*अजमेर में कांग्रेसियों से फीडबैक लेने के लिये राजस्थान की सह प्रभारी अमृता धवन के आने से पहले ही कांग्रेस के दो गुट आपस में भिड़ गये। एक गुट ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया इसके अलावा माइक भी बंद करवा दिया। मामला शांत करने के लिए जब आर.टी.डी.सी. चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ व रामचन्द्र चौधरी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो दोनों गुटों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। स्थानीय कांग्रेसियों ने बाहर से आये नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को मारपीट कर कार्यक्रम स्थल से बाहर निकाल दिया।*

# अजमेर में पायलट और गहलोत समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई

## राजस्थान में कांग्रेस की सह प्रभारी अजमेर शहर के कार्यकर्ताओं का फीड बैक लेने आने वाली थीं, उससे पहले ही मारपीट हो गई

- **शहर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी व देहात कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम में आने पर नाराजगी जताई और इसी बात पर विवाद बढ़ गया।**
- **बाद में धर्मेन्द्र राठौड़ भी कार्यकर्ताओं को मनाने पहुंच गए तो कार्यकर्ताओं का गुस्सा और बढ़ गया, क्योंकि स्थानीय कांग्रेसी धर्मेन्द्र राठौड़ के बढ़ते राजनैतिक व प्रशासनिक दखल से नाराज हैं।**

अजमेर, 18 मई, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव व राजस्थान में कांग्रेस की सहप्रभारी अमृता धवन के अजमेर कार्यक्रम से पहले ही कांग्रेस के दो गुटों में भारी भिड़ंत हो गई, और विवाद इतना बढ़ा कि धवन के आने से पहले ही पायलट गुट के कांग्रेसियों ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। बात इतनी बढ़ी कि दोनों गुटों में जमकर लात-घूंसे चले यहां तक कि कार्यक्रम स्थल भी गोविंदम मैरिज गार्डन से बदलकर सर्किट हाउस करना पड़ा।

विवाद की शुरुआत तब हुई जब आर.टी.डी.सी. चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ व डेयरी चेयरमैन रामचन्द्र चौधरी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो निवर्तमान शहर अध्यक्ष विजय जैन, उनके समर्थक व स्थानीय कांग्रेसियों ने उनका विरोध किया बात बढ़ गई और जमकर मारपीट हुई। स्थानीय कांग्रेसियों ने दूसरे गुट को मारपीट कर कार्यक्रम स्थल से निकाल दिया। चर्चा है कि सीएम अशोक गहलोत की शह पर आर.टी.डी.सी. अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ को राजनैतिक व प्रशासनिक दखल बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण अधिकतर कांग्रेसी नाराज हैं।

अजमेर में कांग्रेस की सचिव व राजस्थान की सह प्रभारी अमृता धवन का फीडबैक कार्यक्रम 11 बजे से गोविंदम मैरिज गार्डन में शुरु होना था पर उससे पहले ही मारपीट हो गई। कार्यक्रम शुरु होने से पहले ही अजमेर डेयरी फैडरेशन अध्यक्ष रामचंद चौधरी देहाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए, जिससे बात बिगड़ गई। उसके बाद शहर जिला कांग्रेस ने निवर्तमान शहर अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया।

विजय जैन का कहना था कि इस फीडबैक कार्यक्रम में केवल पदाधिकारियों को ही भाग लेना है। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ जमा नहीं की जानी चाहिए और इसी बात को लेकर राम चंद्र चौधरी और विजय जैन आपस में भिड़ गये। इस पूरे घटनाक्रम में एक तरफ़ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक माने जाने वाले रामचंद्र चौधरी थे तो दूसरी तरफ़ से पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के समर्थक विजय जैन। मसूदा से कांग्रेस विधायक राकेश पारीक, पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर सहित बड़ी संख्या में पायलट समर्थक भी कार्यक्रम में मौजूद थे, जिन्होंने इस घटना के बाद कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। आर.टी.डी.सी. चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ जब नाराज पायलट समर्थकों को मनाने के लिए पहुंचे तो एक बार फिर पायलट समर्थक उग्र हो गए। उन्होंने राठौड़ के साथ आए एक कार्यकर्ता की पिटाई कर दी, भीड़ के बीच में से पुलिस ने धर्मेन्द्र राठौड़ को बाहर निकाला।

निवर्तमान कांग्रेस शहर अध्यक्ष विजय जैन ने बताया कि अजमेर शहर के पदाधिकारियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाना था, लेकिन वह डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी अपने डेयरी संचालकों के साथ वहां आ गए जिससे बात इतनी बिगड़ गई।

सूत्रों ने बताया कि, आज एआईसीसी की सचिव राजस्थान की सह प्रभारी अमृता धवन कार्यकर्ताओं को संबोधित करने और फीडबैक लेने के लिए अजमेर के गोविंदम मैरिज गार्डन में सुबह 11 बजे पहुंचना था, इससे पहले ही कांग्रेस देहात के पदाधिकारी और अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी अपने समर्थकों के साथ अमृता धवन का स्वागत करने के लिए वहां पहुंच गये। कांग्रेस के निवर्तमान शहर अध्यक्ष विजय जैन ने देहात के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम स्थल से बाहर जाने की बात कही, इसे लेकर देहात और शहर के कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए और देहात के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल से बाहर जाने के लिए इंकार कर दिया। इसके बाद शहर के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बाहर आ गए और उन्होंने कार्यक्रम का बहिष्कार किया और साउण्ड सिस्टम भी हटा दिया।

## घड़साना मंडी में 60 भेड़ और पांच बकरियों की मौत

अनूपगढ़, 18 मई (कासं)। घड़साना मंडी के गांव 2 आर.के.एम. (कुंडल ) में बुधवार देर रात को संदिग्ध परिस्थितियों में 60 भेड़ और 5 बकरियों की मौत हो गई। पशुपालक शौकत अली ने इसकी सूचना आज सुबह सरपंच महावीर बिरट को दी। सूचना मिलने पर सरपंच और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया।

सरपंच ने बताया कि इसकी सूचना प्रशासन को दे दी गई है मगर अभी तक भेड़ और बकरियों की मौत के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। सरपंच ने बताया कि, मृत पशुओं में से लगभग 10 पशुओं के चोट के निशान भी हैं। माना जा रहा है कि, आसमान से बिजली गिरने से भेड़ और बकरियों की मौत हुई है।

सरपंच महावीर बिरट ने बताया कि, उन्हें पशुपालक शौकत अली ने जानकारी दी कि, देर रात्रि जब तेज बरसात हो रही थी तो वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर में सो रहा था और बाहर बाड़े में भेड़ और बकरियां बंधी हुई थीं। शौकत ने बताया कि, सुबह लगभग 3-4 बजे जब वह लघुशंका के लिए उठा तो उसने देखा कि, बाड़े में सभी भेड़ें और बकरियां मृत पड़ी हुई हैं।

- **भेड़ और बकरियों की मौत के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। सरपंच ने बताया कि, मृत पशुओं में से लगभग 10 पशुओं के चोट के निशान भी पाए गए हैं।**

सूचना मिलने पर सरपंच महावीर बिरट, जिला परिषद सदस्य दलीप मेघवाल, राजू जाट, विक्रम ठाकुर सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया। सरपंच ने इसकी सूचना तहसीलदार को दे दी है मगर अभी तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। सरपंच ने बताया कि, पशुपालक शौकत अली पशुओं के जरिए ही अपना जीवन यापन कर रहा था, अब उसके पास जीवन यापन करने के लिए कोई भी सहारा नहीं है। सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मुआवजे की भी मांग की है।

तहसीलदार ने बताया कि, घटना की जानकारी मिलने पर डॉक्टर की टीम भी मौके पर भेजी जा रही है और वह खुद भी मौके पर जा रहे हैं।

# 'वन विभाग की भूमि पर अवैध निर्माण कैसे हो रहा है?'

## अदालत ने जलदाय विभाग और वन विभाग के अधिकारियों को सुनवाई के लिए प्रस्तुत होने के आदेश दिए हैं

- **मामले में याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि, जलदाय विभाग ने ''नाहरगढ़ नोटिफाईड एरिया'' में बड़ी टंकी के निर्माण कार्य को अनुमोदित कर दिया, जबकि उसने वन विभाग से अनुमति ही नहीं ली है।**
- **याचिकाकर्ता का यह भी कहना है कि, जलदाय विभाग के अनाधिकृत निर्माण की आड़ में कई अन्य स्थानीय लोगों ने नाहरगढ़ की पहाड़ी पर अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिए हैं और ''सिंकिंग एरिया'' होने के कारण भी यह खतरनाक है।**

जयपुर, 18 मई (कासं.)। राजस्थान हाई कोर्ट ने वन विभाग की भूमि पर जलदाय विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए पानी की टंकी बनाने के विरूद्ध दायर याचिका की सुनवाई की और अदालत ने जलदाय विभाग के सचिव, वन विभाग के संरक्षक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को शुक्रवार को पेश होने के आदेश दिए। यह आदेश कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव तथा न्यायाधीश अनिल कुमार उपमन ने मनोज कुमार द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए है।

इस मामले में अदालत ने सुनवाई के लिए 8 मई की तारीख तय की थी परंतु समय के अभाव में मामले पर सुनवाई नहीं हो पाई। इसलिए अदालत ने गुरुवार को इस मामले को 'अर्जेंट' सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया था।

इस मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रतीक खण्डेलवाल ने बताया कि ''नाहरगढ़ नोटिफाईड एरिया'' जो पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, और वहां वन की विभाग अनुमति के बगैर कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। उन्होंने आगे बताया कि उक्त जमीन 'सिंकिंग' क्षेत्र यानि धंस रही ज़मीन घोषित की गई है, इसलिए भी यहां कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को यह भी बताया गया है कि जलदाय विभाग के द्वारा अनुमोदित इस अवैध निर्माण की आड़ में कई अन्य स्थानीय लोग भी उक्त क्षेत्र में निर्माण कार्य करने लगे हैं और उन्हें जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जे.वी.वी.एन.एल.) द्वारा अनाधिकृत तरीके से बिजली के कनैक्शन भी दिए जा रहे हैं।

याचिकाकर्ता ने इन अवैध निर्माणों और अनाधिकृत तरीके से बिजली कनैक्शन के बांटे जाने के खिलाफ भी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस मामले पर अदालत ने जलदाय विभाग और वन विभाग से जवाब मांगा था, परंतु अभी तक भी दोनों विभागों की और से कोई जवाब दायर नहीं किया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने शुक्रवार को विभागों के अधिकारियों को सुनवाई के लिए पेश होने को कहा है।

## द्रविड़ पार्टियाँ, द्रमुक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दोनों जगहों पर भाजपा नेताओं के निशाने पर हैं। सभी का कहना है कि राजनैतिक और चुनावी मामलों से डील करने में अन्नमलाई अनुभवहीन हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अन्नामलाई ने एक ही चुनाव लड़ा वो भी 25,000 वोट से हार गए। उन्होंने 2021 में अरावाकुरुची से चुनाव लड़ा था यह भी माना जाता है कि तब भी उनके सहयोगी पार्टी अन्नाद्रमुक के नेताओं से मतभेद थे।

और आज तमिलनाडु में भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच भारी कलह है। भाजपा के लिए तमिलनाडु बहुत महत्वपूर्ण हैं जो लोकसभा में 39 सांसद भेजता है। उत्तरी भारत के कुछ राज्यों में सीटों की संख्या में संभावित कमी को भाजपा दक्षिण भारत से पूरा करना चाहती है, इसीलिए भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अन्नाद्रमुक से गठजोड़ के खिलाफ बोलने पर अन्नामलाई को फटकारा था। अब तमिलनाडु की राजनीतिक में एक महत्वपूर्ण घटक और आ गया है वह है कर्नाटक मे कांग्रेस की जीत। द्रमुक, जो कि अन्नामलाई द्वारा स्टालिन, उनके बेटे व दामाद पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाने से सख्त नाराज़ है, चाहेगी कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार अन्नामलाई की पृष्ठभूमि और करियर की जाँच करें। अन्नामलाई कर्नाटक के आई.पी.एस. अफसर थे और भाजपा में आ गए थे। द्रमुक चाहती है कि अन्नामलाई पर चुनाव के दौरान लगे आरोप की कांग्रेस जाँच करे। उन पर आरोप था कि चुनाव में लोगों को बांटने के लिए वे बहुत सारी नकदी ले गए थे। इस आरोप को जाँच के बाद हालांकि चुनाव आयोग ने खारिज कर दिया था लेकिन द्रमुक चाहती है कि राज्य पुलिस मामले की जाँच करे। कांग्रेसी जीत का असर कांग्रेस व द्रमुक के गठबंधन पर भी पड़ेगा। अब कांग्रेस लोकसभा चुनाव में ज्यादा सीटें माँगेगी।

## तेज आंधी से जन जीवन अस्त-व्यस्त

बीदासर, 18 मई (निसं)। कस्बे में बुधवार को आधी रात के बाद तेज अंधड़ आया। लगभग दो घण्टे तक चली इस तेज आंधी से कस्बे की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। कई जगह पेड़ व बिजली के पोल टूटकर जमीन पर आ गिरे। वहीं घरों में धूल ही धूल हो गई, जिससे गृहणियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अंधड़ ने बिजली के कई पोल गिरा दिए जिसके कारण कस्बे सहित आसपास के गावों की बिजली गुल रही।

- **चूरू के बीदासर कस्बे में तेज अंधड़ से पेड़ व बिजली के 12 खम्बे टूट गए, विद्युत विभाग को भारी नुकसान हुआ है।**

जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता राजेश कुमार मीणा ने बताया कि, बुधवार की देर रात आये तेज अंधड़ से क्षेत्र में 12 विद्युत पोल तथा दो डीपी टूट कर जमीन पर आ गिरीं। इससे पूर्व, दो दिन पहले आये अंधड़ में भी क्षेत्र में 150 विद्युत पोल टूटकर चकनाचूर हो गये थे, जिससे विभाग को लाखों रूपये का नुकसान हुआ।

## बिहार में जातिगत जनगणना पर रोक जारी रहेगी

नई दिल्ली, 18 मई। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में जाति जनगणना पर पटना हाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर को हटाने से इनकार कर दिया है। यानि कि कोर्ट के इस आदेश के बाद बिहार में जातीय जनगणना पर रोक जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश में पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द करने से इनकार किया जिसमें बिहार सरकार द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण पर रोक लगाई गई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

इस मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय ओक ने दो टूक कहा, पटना हाईकोर्ट के अंतरिम फैसले में काफी हद तक स्पष्टता है, लेकिन अंतिम फैसला आए बगैर इस पर सुनवाई नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट को इसमें अंतरिम राहत नहीं दे सकता है। हाईकोर्ट अपनी दी तारीख 3 जुलाई पर सुनवाई कर फैसला नहीं देगा तो सुप्रीम कोर्ट 14 जुलाई को यहां दलील सुनेगा।

# केन्द्र सरकार प्राइवेट सैक्टर के लोगों को सचिव, निदेशक व उप सचिव के पदों पर नियुक्ति देगी

## केन्द्र सरकार ने 20 विशेषज्ञों को अपने 12 विभागों में कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर नियुक्त करने का फैसला किया है

- **आमतौर पर, संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों का पद अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा और ग्रुप 'ए' सेवाओं के अधिकारियों द्वारा भरा जाता है।**
- **बयान में कहा गया है कि, उम्मीदवारों के लिए विस्तृत विज्ञापन और निर्देश 20 मई, 2023 को आयोग की वैबसाइट पर जारी किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार 20 मई, 2023 से 19 जून 2023 तक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।**

नई दिल्ली, 18 मई। केंद्र सरकार अपने कुछ विभागों में वरिष्ठ अधिकारियों की निुक्तियां कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर करने जा रही है। केंद्र सरकार ने प्राइवेट क्षेत्र के 20 विशेषज्ञों को अपने 12 विभागों में कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के तौर पर भर्ती करने का फैसला किया है। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। यह केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस तरह का तीसरा भर्ती अभियान है।

कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) से ऐसे विशेषज्ञों को 'लेटरल एंट्री' यानी सरकारी विभागों में प्राइवेट क्षेत्र के एक्सपर्ट्स की नियुक्ति के माध्यम से भर्ती करने के लिए कहा है। आमतौर पर, संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों का पद अखिल भारतीय और ग्रुप 'ए' सेवाओं के अधिकारियों द्वारा भरा जाता है। बयान के मुताबिक, प्रस्तावित भर्ती, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तहत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तहत रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले और भारी उद्योग मंत्रालय के लिये की जाएगी।

कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, कानून एवं न्याय मंत्रालय के तहत कानूनी मामलों के विभाग, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में भी 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से भर्ती की जाएगी। बयान के मुताबिक, इन मंत्रालयों/विभागों में 'लेटरल एंट्री' भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से चार संयुक्त सचिवों और 16 निदेशकों/उप सचिवों को शामिल किया जाएगा।

बयान में कहा गया है कि उम्मीदवारों के लिए विस्तृत विज्ञापन और निर्देश 20 मई, 2023 को आयोग की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार 20 मई, 2023 से 19 जून 2023 तक इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## बंगाल में ''द केरल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नहीं है।

पीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा, ''फिल्म देश में हर जगह चल रही है। आप पूरे राज्य में फिल्म पर प्रतिबंध नहीं लगा सकते।''

शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु सरकार को फिल्म के प्रदर्शन को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाने और फिल्म देखने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सिनेमा हॉल को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

उच्चतम न्यायालय ने फिल्म निर्माता सनशाइन पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे का एक बयान भी दर्ज किया कि किसी भी विवाद को शांत करने के लिए 20 मई की शाम 5 बजे तक फिल्म में एक डिस्क्लेमर डाला जाएगा कि 32,000 रूपांतरण के कोई प्रामाणिक आंकड़े नहीं हैं और फिल्म एक काल्पनिक कहानी पर आधारित है।

बैंच ने फिल्म द केरला स्टोरी देखने का भी फैसला किया, ताकि यह तय किया जा सके कि क्या स्वीकार्य है या नहीं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह गर्मी की छुट्टियों के बाद मद्रास और केरल उच्च न्यायालयों के फैसले से उत्पन्न याचिकाओं पर विचार करेगी। इन उच्च न्यायालयों ने उस फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी थी।

## जल्लीकट्टू व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सरकार द्वारा पारित कानून में जानवरों के प्रति क्रूरता (यदि कोई हो) का ध्यान रखा गया है।

न्यायमूर्ति बोस ने फैसले का एक हिस्सा पढ़ते हुए कहा कि किसी राज्य की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा क्या है, इस पर निर्णय लेने के लिए विधायिका सबसे अच्छी संस्था है और इसे न्यायपालिका द्वारा तय नहीं किया जा सकता है।

# छवि परिवर्तन कार्यक्रम के तहत...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है। रिजीजू ने अपने पूर्व मंत्रालय की ओर से एक नोट पोस्ट किया है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड़ तथा सभी जजों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया है।

भारत को नये विधि मंत्री ऐसे अजीबोगरीब समय पर मिले हैं, जब सर्वोच्च न्यायालय तथा सरकार के बीच जजों की नियुक्ति को लेकर प्राय: मतैक्य नहीं रहा है।

रिजीजू का संक्षिप्त कार्यकाल बड़ा विवादास्पद रहा क्योंकि सरकार और न्याय पालिका के बीच प्राय: टकराव की स्थिति बनी रही तथा जजों की नियुक्ति की कोलीजियम व्यवस्था को लेकर सर्वोच्च न्यायालय की खुली आलोचना की गई।

फरवरी में, सर्वोच्च न्यायालय की दो जजों की एक बैंच ने जजों की नियुक्तियों और तबादलों को मंजूरी दिये जाने में विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त की थी। बैंच ने इसे एक गंभीर मुद्दा बताया तथा एक ऐसी ''प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्यवाही की चेतावनी दी थी, जो संभवत: रूचिकर नहीं हो।''

रिजीजू ने इस चेतावनी की उपेक्षा कर दी थी तथा कह दिया था कि देश का शासन संविधान तथा जन आकांक्षाओं के अनुसार चलेगा। उन्होंने एक समारोह में कहा था, ''कभी-कभी कुछ मुद्दों पर देश में चर्चाएं हुआ करती हैं तथा लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। लेकिन जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को कुछ भी कहने से पहले यह सोचना होता है कि ऐसा कहना देश हित में होगा या नहीं।'' उन्होंने जोर देते हुये कहा था कि ''कोई भी व्यक्ति किसी भी व्यक्ति को चेतावनी नहीं दे सकता।''

सरकार बनाम न्याय पालिका टकराव उस समय और बढ़ गया था, जब रिजीजू ने गत वर्ष कह दिया था कि कोलीजियम व्यवस्था संविधान के लिये ''परायी'' है तथा उसे जन-समर्थन हासिल नहीं है। उन्होंने कहा था, ''आप यह अपेक्षा कैसे कर सकते हैं कि संविधान के साथ किसी असम्बद्ध निर्णय को केवल इसलिये देश का समर्थन मिल जायेगा कि वह निर्णय अदालत या कुछ जजों द्वारा लिया गया है।''

उन्होंने संसद द्वारा 2014 में पारित किये गये नैशनल जुडिशियल अपॉइन्टमेंट्स कमीशन (एन.जे.ए.सी.) एक्ट का भी उल्लेख किया था, जिसमें न्यायिक नियुक्तियों के मामले में सरकार को बड़ी एवं निर्णायक भूमिका प्रदान कर दी गई थी, तथा जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था।

जहां विधि राज्य मंत्री बघेल को दूसरे मंत्रालय में भेजे जाने के पीछे इस प्रथा का हवाला दिया जा रहा है कि जिस मंत्रालय का मुखिया स्वतंत्र प्रभार वाला राज्य मंत्री हो, उसमें कोई सहायक मंत्री नहीं हो सकता, वहीं असली तथ्य यह है कि उन्होंने 8 मई को उस समय एक विवाद को जन्म दे दिया था, जब उन्होंने दावा किया था कि सहिष्णु मुस्लिम नगण्य संख्या में हैं, तथा सहिष्णु नजर आने वाले लोग भी सहिष्णुता को एक मुखौटे के रूप में काम में लेते हैं ताकि वे सार्वजनिक जीवन में बने रहें तथा राज्यपाल एवं उपराष्ट्रपति बन सकें।

सूत्रों का कहना है कि बघेल की यह मान्यता और उसे व्यक्त करने का समय भाजपा हाई कमान के गले नहीं उतरा था क्योंकि अब तो आर.एस.एस. भी मुस्लिमों के रिश्ते सुधारने के प्रयास कर रही है। इसके अलावा, सरकार के स्तर पर यह भी महसूस किया जा रहा है कि सरकार को तनाव कम करने की जरूरत है जो कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान उस समय पैदा हो गई थी, जब यह मानकर साम्प्रदायिक मुद्दे उठाये गये थे कि ऐसा करने से बड़ा चुनावी फायदा मिलने में मदद मिलेगी।

सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री तथा उनकी सरकार को एक नये रूप में प्रस्तुत करने की कवायद की तैयारी बड़े पैमाने पर चल रही है।

## ग्रैनाईट की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

थानाधिकारी ने बताया कि, मृतक अशोक, पुत्र मदन लाल मीणा, नरडी थाना सांवर, महज दो दिन पूर्व ही ग्रैनाईट खदान पर मजदूरी के लिए आया था। गुरूवार को, काटकर रखे हुए ग्रैनाईट के ब्लॉक्स के ढेर से ब्लॉक हटाने के लिए मृतक अशोक फोर्कलैण्ड मशीन से कार्य कर रहा था।

इसी दौरान चट्टान ब्लॉक का बड़ा भाग फोर्कलैण्ड मशीन की केबिन पर आ गिरा, जिससे केबिन में बैठे श्रमिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलने के बाद ग्रैनाईट खादान के संचालक ने मौके पर पहुंचने के बजाय अपने प्रतिनिधि को भेजकर शव का अन्तिम संस्कार करवाने का भरकस प्रयास किया, लेकिन मृतक के परिजन 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की मांग करते हुए मुर्दाघर के पास बैठ गये। दोनों पक्षों के बीच तकरीबन चार घंटे तक चली समझाइश व सहमति वार्ता में आर्थिक सहायता राशि को लेकर सहमति नहीं बन सकी।

## ममता बनर्जी ''पटाखा फैक्टरी'' में बम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

अनुभव की बात है कि इस प्रकार के अस्थाई ठिकानों में बने हस्तनिर्मित बमों का इस्तेमाल राजनैतिक हिंसा के लिये किया जाता है।

पुलिस का शक है कि तथाकथित पटाखा फैक्ट्री में इसी प्रकार के कोई क्रियाकलाप चल रहा था तथा कुछ चिनगारियाँ निकलने से इतने जबरदस्त विस्फोट की स्थिति पैदा हो गई। इस ब्लास्ट में कम से कम दस लोग मारे गये तथा बीस लोग घायल हो गये, जिनमें से कुछ जीवन के लिये संघर्ष कर रहे हैं। इस तथाकथित पटाखा फैक्ट्री का मालिक स्थानीय पंचायत का तृणमूल प्रमुख था। ग्रामीण लोगों ने इस पटाखा फैक्ट्री के अवैध संचालन की शिकायत भी की थी तथा ऐसा संदेह था कि व्यवस्था इन अपरिष्कृत हस्तनिर्मित बमों को बनाने के लिये ढाल का काम कर रही थी।

इस संदेह देखने में इसलिये और भी ज्यादा विश्वसनीय प्रतीत होता है क्योंकि पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे हैं तथा सत्तारूढ़ दल वोटों पर कब्जा करने एवं पंचायत बोर्डों में जीत के लिये ऐसे बमों एवं हिंसा के मदद से दबाव बनाने तथा जोर-जबरदस्ती करने का वीभत्स खेल खेल सकता था।

इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी अवैध फैक्ट्रियाँ केवल दण्डाभाव की स्थिति में ही नहीं चल सकतीं, इनके संचालन के लिये सत्तारूढ़ दल द्वारा प्रदत्त राजनैतिक संरक्षण भी जरूरी है। एक ऐसे राज्य में, जहाँ सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की सहमति के बिना न तो एक ईंट लगाई जा सकती है और न हटाई जा सकती है, वहाँ इतने बड़े जोखिम वाली फैक्ट्रियों का सतत संचालन सत्तारूढ़ पार्टी की अनकही/मौन स्वीकृति से ही संभव हो सकता है। इस विस्फोट के तुरन्द बाद, इस पटाखा फैक्ट्री का मालिक, अपने अनुचरों के साथ, त्वरित गिरफ्तारी से बचने के लिये भागकर ओडिशा चला गया बताते हैं। इस स्थिति को भी एक प्रकार गलत चीज माना जा रहा है जो स्थानीय पुलिस तथा राजनैतिक पार्टी के स्तर की मौन अनुमति के चलते ही हो सकती है।

विस्फोट के समाचार की जानकारी मिलते ही, राज्य के विपक्षी दलों ने इस मामले की एन.आई.ए. द्वारा जाँच कराये जाने की माँग शुरु कर दी थी। राज्य पुलिस पर लोगों का ऐसा भरोसा नहीं है कि वह कोई भी काम ''प्रोफेशनली'' करती है। जहाँ ममता बनर्जी इस बात का जबरदस्त विरोध करती कि बंगाल की किसी स्थानीय घटना की जाँच कोई केन्द्रीय एजेंसी करे, लेकिन इस मामले में, बनर्जी ने पहली प्रतिक्रिया देते हुये, एन.आई.ए. जाँच की माँग के प्रति सहमति व्यक्त की। विपक्ष का कहना है कि इसका कारण यह है कि विस्फोट बहुत बड़ा और भयानक था तथा इसमें इतने ज्यादा लोग मरे हैं। इसके अलावा, स्थानीय गाँव में स्थिति इतनी तनावपूर्ण है कि सत्तरूढ़ पार्टी का कोई नेता वहाँ जाने की हिम्मत नहीं कर सका है। घटना के शीघ्र बाद ही, पार्टी की जो टीम वहाँ गई थी, उसे स्थानीय ग्रामीणों ने यह कहकर लौटा दिया था कि ऐसी घटनाएँ सत्तारूढ़ पार्टी के आक्रामक नेताओं की ढील एवं सक्रिय लिप्तता के फलस्वरूप ही हो सकती हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908



मैं किसी की नकल नहीं करना चाहता। हां, यह जरूर है कि मैं हर किसी से अच्छी चीजें सीखने की कोशिश करता हूं। मैं अपने तरीके से चीजों को करना चाहता हूं। - क्रुणाल पांड्या

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान, अपनी कप्तानी को लेकर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## जॉनी बेयरस्टो



इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को उम्मीद नहीं थी कि अगस्त में गोल्फ खेलते समय लगी गंभीर चोट के बाद वह दोबारा चल भी सकेंगे। चोट के कारण बेयरस्टो आठ महीने तक क्रिकेट से दूर रहे और अब आयरलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाले एक टेस्ट के लिये उन्हें टीम में चुना गया है। उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा ,'' मुझे लगा था कि पता नहीं दोबारा चल सकूंगा या नहीं, दौड़ सकूंगा या नहीं या क्रिकेट फिर खेल पाऊंगा कि नहीं। मेरे दिमाग में यही सब चल रहा था।'' उन्होंने कहा ,'' यह इस पर निर्भर करता है कि इन सब चीजों के बारे में कितना सोच रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** श्रीलंका का गेंदबाज चमिंडावास बांग्लादेश के विरुद्ध मैच की पहली तीन गेंदों पर विकेट लेकर हैट्रिक बनाने वाला पहला गेंदबाज बना।

# कोहली ने शतक से लूटी महफिल, आरसीबी आठ विकेट से जीती

हैदराबाद, 18 मई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली (63 गेंदें, 100 रन) के शानदार शतक और फाफ डु प्लेसिस (71) के अर्द्धशतक की बदौलत गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की दमदार जीत के साथ आईपीएल प्लेऑफ की ओर एक और कदम बढ़ा लिया।

प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सनराइजर्स ने हेनरिक क्लासेन (51 गेंद, 104 रन) के शानदार शतक की मदद से आरसीबी के सामने 187 रन का लक्ष्य रखा। आरसीबी ने यह लक्ष्य चार गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।



सनराइजर्स की बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हुए क्लासेन ने हैदराबाद पर अपनी छाप छोड़ते हुए 51 गेंद पर आठ चौकों और छह छक्कों की सहायता से 104 रन बनाये, हालांकि कोहली के सैकड़े के आगे उनका प्रयास बेकार चला गया। कोहली ने आईपीएल में अपना छठा शतक बनाते हुए 63 गेंद पर 12 चौके और चार छक्के लगाकर 100 रन बनाये। उन्होंने आईपीएल में सर्वाधिक शतक जड़ने के मामले में क्रिस गेल की बराबरी भी कर ली।

कोहली और डु प्लेसिस 172 रन की साझेदारी के बाद लक्ष्य से कुछ दूर पहले आउट हो गये, जिसके बाद माइकल ब्रेसवेल ने विजयी रन जड़कर आरसीबी को बहुमूल्य दो अंक दिलाये। आरसीबी इस जीत के बाद 14 अंक अर्जित करके अंक तालिका में चौथे स्थान पर आ गयी है, जबकि सनराइजर्स 13 मैचों में सिर्फ आठ अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है।

कोहली ने क्लासेन के शतक की चमक खत्म करने वाली पारी की शुरुआत लगातार दो चौके जड़कर की, जबकि दूसरे ओवर में भी उन्होंने दो चौके जमाये। आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस को चौथे ओवर में जीवनदान मिला और उन्होंने इस ओवर में तीन चौके जड़कर रफ्तार पकड़ ली।

दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में 65 रन जोड़कर एक आईपीएल सीजन में पहले विकेट के लिये सर्वाधिक अर्द्धशतकीय साझेदारियां (सात) करने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। यह रिकॉर्ड सबसे पहले डेविड वॉर्नर और जॉनी बेयरस्टो ने 2019 में बनाया था, जबकि डु प्लेसिस चेन्नई सुपर किंग्स के लिये रुतुराज गायकवाड़ के साथ 2021 में इसकी बराबरी कर चुके हैं। डु प्लेसिस नौवें ओवर में कैचआउट हुए लेकिन ओवर की दूसरी बाउंसर होने के कारण अंपायर ने उस गेंद को नो बॉल करार दे दिया। यह गलती सनराइजर्स को भारी पड़ी और डु प्लेसिस ने 34 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा किया।

# भारतीय गेंदबाजों की चोटों के बार-बार उभरने से जहीर हैरान

मुंबई, 18 मई। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने गुरुवार को कहा कि वह इस बात को लेकर 'हैरान' हैं कि कई तेज गेंदबाज बार-बार चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर समय बिता रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि कहीं ना कहीं कुछ गलत हो रहा है जिससे उन्हें इतनी 'गंभीर चोटें' लग रही हैं।

कई महीनों से क्रिकेट से दूर जसप्रीत बुमराह के अलावा दाएं हाथ के तेज गेंदबाज दीपक चाहर और प्रसिद्ध कृष्णा भी चोटों के कारण लंबे समय तक मैदान से दूर रहे। चाहर ने मौजूदा आईपीएल में वापसी की लेकिन पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बीच में कुछ मैच नहीं खेल पाए जबकि प्रसिद्ध को पीठ से संबंधित परेशानी हुई जिसके परिणामस्वरूप उन्हें स्ट्रेस फ्रैक्चर हो गया।

जहीर ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ''इससे आपकी तरह मैं भी हैरान हूं। आपने गेंदबाजों का जिक्र किया लेकिन कुछ बल्लेबाज भी गंभीर चोटों का सामना कर रहे हैं। यह मेरी समझ से परे है और निश्चित तौर पर इसका संयोजन से कुछ लेना-देना है।'' उन्होंने कहा, ''कुछ चीजों को ध्यान से देखने की जरूरत है कि वे पूरे सत्र में क्या कर रहे हैं, उनकी ट्रेनिंग और उनके आराम से उबरने का अनुपात और बहुत सारी अन्य चीजें।'' इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, ''सिर्फ एक शब्द (वर्णन करने के लिए) में बताना बहुत मुश्किल है कि वास्तव में क्या चल रहा है, लेकिन मैं कहूंगा कि हां, कहीं न कहीं कुछ गलत हो रहा है क्योंकि इन सभी खिलाड़ियों को इतनी बड़ी चोट लग रही हैं।''

लेकिन जहीर इस आईपीएल में अन्य दो प्रमुख भारतीय तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन से खुश दिखे। उन्होंने कहा, ''उन्हें खेलते हुए देखना शानदार है। उन्होंने चीजों को सरल रखा है, कुछ ऐसा जो आवश्यक है। मैं कहूंगा कि यह पावरप्ले में खेलने का सही तरीका है और यह देखना बहुत अच्छा है कि गेंदबाज (उनके जैसे) इस तरह के उदाहरण पेश कर रहे हैं, चीजों को सरल रख रहे हैं और प्रारूप की जटिलताओं में नहीं फंस रहे।''

जहीर ने कहा कि शमी और सिराज के लिए व्यस्त आईपीएल का उनके कार्यभार पर ज्यादा असर नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि टेस्ट मैच की तुलना में कम ओवर गेंदबाजी करनी होती है। भारतीय टीम को सात जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी खेलना है।

इससे पूर्व तेज गेंदबाज ने मौजूदा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के उमरान मलिक को संभालने और इस्तेमाल करने के तरीके पर असंतोष व्यक्त किया जिनकी गति ने सभी को प्रभावित किया है।जहीर ने कहा, ''मुझे लगता है कि उमरान मलिक को फ्रैंचाइजी द्वारा अच्छी तरह से संभाला नहीं गया है। सनराइजर्स उनकी सेवाओं का बेहतर इस्तेमाल कर सकते थे और यह स्पष्ट है।''

मुंबई इंडियंस के क्रिकेट विकास के वैश्विक प्रमुख जहीर ने कहा कि स्ट्राइक तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी के बावजूद फ्रैंचाइजी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ''जब आप मुंबई इंडियंस के बारे में बात करते हैं और जब आप देखते हैं कि सत्र चला है तो यह एक आसान सत्र नहीं रहा है (क्योंकि) पहले बुमराह और फिर जोफ्रा आर्चर बाहर हो गए। यह गेंदबाजी के लिहाज से कठिन सत्र रहा है लेकिन बल्लेबाजी बहुत अच्छी रही है- मैं इसे इसी तरह देखता हूं।''

## स्वियातेक इटालियन ओपन से बाहर

रोम, 18 मई। दो बार की इटालियन ओपन चैंपियन इगा स्वियातेक क्वार्टरफाइनल के दौरान लगी दाहिनी जांघ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गयी हैं। पोलैंड की स्वियातेक बुधवार रात शुरू हुए और गुरुवार सुबह खत्म हुए क्वार्टरफाइनल में गत विंबलडन चैंपियन कज़ाकस्तान की एलिना रिबाकिना का सामना कर रही थीं। दो घंटे के खेल के बाद तीसरे सेट में स्कोर 2-2 से बराबर था जब स्वियातेक को मैच से हटना पड़ा। उन्होंने पहला सेट 6-2 से जबकि रिबाकिना ने दूसरा सेट 7-6 से जीता था। इससे पहले दूसरे सेट में, स्वियातेक अपना घुटना पकड़कर खेल रही थीं। सेट समाप्त होने के बाद उन्होंने चिकित्सीय सहायता ली और तीसरे सेट के लिये घुटने पर पट्टी बांधकर लौटीं। तीसरे सेट में चार गेम गुज़रने के बाद उन्होंने रिटायर होने का निर्णय लिया। रिबाकिना ने मैच के बाद कहा, मैंने टाईब्रेक में कुछ होते देखा, लेकिन मुझे नहीं पता था कि चोट इतनी गंभीर है। पहले दो गेम उन्होंने वास्तव में आक्रामक रूप से शुरू किए थे इसलिए मैं समझ गई कि वह ज्यादा हिल नहीं सकती थीं।'' रिबाकिना ने इस साल स्वियातेक को तीसरी बार हराया है। इस साल स्वियातेक की कुल छह में तीन हार रिबाकिना के हाथों आयी हैं। सेमीफाइनल में रिबाकिना की भिड़ंत येलेना ओस्तापेंको से होगी, जिन्होंने 2017 फ्रेंच ओपन जीतने के बाद क्ले कोर्ट पर अपने पहले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये पाउला बडोसा को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया।दूसरे सेमीफाइनल में रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा का सामना यूक्रेन की एंहेलिना कालिनिना से होगा। इस हार के साथ रोम में स्वियातेक की 14 मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त हो गया। साथ ही, गत रोलां गैरो चैंपियन के 28 मई से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन में खेलने की संभावनओं पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है।

## गुरबाज साथी खिलाड़ी नवीन से हिसाब चुकता करना चाहते है

कोलकाता, 18 मई। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज शनिवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अफगानिस्तान टीम के अपने साथी नवीन-उल-हक के साथ हिसाब बराबर करने के लिए तैयार है। नवीन राष्ट्रीय टीम के अभ्यास सत्र में अक्सर गुरबाज को आउट कर देते है। वह इस सलामी बल्लेबाज को आउट करने के बाद चिढ़ाते भी है। गुरबाज ने सत्र के अपने आखिरी लीग मैच सेपहले केकेआर की वेबसाइट पर जारी वीडियो में हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, ''अभ्यास मैचों में उसने (नवीन) कई बार मुझे आउट किया, और वह हमेशा मुझसे कहता रहता है कि 'मैंने तुम्हें आउट किया, मैंने तुम्हें आउट किया'। मैदान में वास्तविक मुकाबले में हालांकि मैं उसके खिलाफ बड़ा शॉट खेलने वाला हूं।'' मौजूदा सत्र में 10 मैचों में 217 रन बनाने वाले गुरबाज ने कहा, ''मैंने एक बार टी10 मैच में उसका सामना किया है तब मैंने कुछ चौके लगाए थे लेकिन इस बार मुझे उम्मीद है कि मैंने उसकी गेंद पर कुछ छक्के जड़ने में सफल रहूंगा।'' सत्र में छह मैचों में सात विकेट लेने वाले नवीन ने अपने प्रदर्शन से ज्यादा सुर्खियां भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली के साथ विवाद को लेकर बटोरी। गुरबाज ने नवीन को शानदार गेंदबाज करार देते हुए कहा, '' वह टी20 प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। वह बहुत समझदार और कुशल गेंदबाज है।''

# उलटफेर कर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने जावकर, कौर

शांघाई, 18 मई। युवा भारतीय तीरंदाज़ प्रथमेश जावकार और अवनीत कौर ने गुरुवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप स्टेज-2 में कोरियाई प्रतिद्वंदियों को हराकर कंपाउंड सेमीफाइनल में जगह बना ली। जावकर ने एकल कंपाउंड क्वार्टरफाइनल में कोरिया के आठवीं सीड चोई योंगी को 149-148 से हराया और सेमीफाइनल में उनका सामना एस्टोनिया के रोबिन जातमा से होगा। दूसरी ओर, 18 वर्षीय अवनीत ने प्री-क्वार्टरफाइनल में कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त ओप यूहयुन को रोमांचक मुकाबले में 142-142 (10 -10) से मात दी। क्वार्टरफाइनल में अवनीत ने मेक्सिको की डैफ्नी क्विंटेरो को 147-144 से हराया। सेमीफाइनल में अवनीत का सामना इंग्लैंड की एला गिब्सन से होगा।

प्रथमेश और अवनीत अब अपने पहले एकल विश्व कप पदक से एक कदम दूर हैं। इससे पूर्व, भारतीय तीरंदाज चित-परिचित अंदाज में यहां विश्व कप स्टेज-1 में पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में दिग्गज कोरिया से हार गये। धीरज बोम्मादेवरा, अतानु दास और नीरज चौहान की भारतीय तिकड़ी को ली वू सेओक, किम जे देओक और किम वूजिन की की शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई टीम के हाथों 0-6 (54-55, 56-57, 54-59) की एकतरफा हार का सामना करना पड़ा।

आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने चीनी ताइपे पर 5-3 (57-57, 56-58, 57-56, 58-51) की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। टीम क्वालीफिकेशन में चौथी वरीयता प्राप्त सिमरनजीत कौर, अवनीत कौर और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने पहले दौर में खराब प्रदर्शन किया और एकतरफा मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली इंडोनेशियाई टीम से 1-5 (54-57, 57-57, 50-52) से हारकर बाहर हो गयी। रिकर्व टीम स्पर्धाओं में भारतीय उम्मीदें अब धीरज बोम्मादेवरा और सिमरनजीत कौर की मिश्रित जोड़ी पर टिकी होंगी। क्वालिफायर में पांचवें स्थान पर रहने के कारण उन्हें रिकर्व मिश्रित टीम ड्रा में दूसरे दौर (प्री-क्वार्टर फाइनल) में बाई मिली है।

# दिल्ली की धीमी पिचें चुनौतीपूर्ण रही : वॉर्नर

धर्मशाला, 18 मई। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वॉर्नर का मानना है कि उनके घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम की धीमी पिचें उनके लिये चुनौतीपूर्ण रहीं जिसके कारण उनके बल्लेबाज पूरे सीजन लय हासिल नहीं कर सके। दिल्ली ने बुधवार को खेले गये आतिशबाज़ी से भरे मैच में पंजाब किंग्स को 15 रन से मात दी। दिल्ली ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर पंजाब के सामने 214 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में पंजाब 198 रन तक ही पहुंच सकी।

वॉर्नर ने मैच के बाद कहा, ''मेरा खयाल है कि अच्छी पिचों पर खेलना मददगार होता है। घर (दिल्ली) में हमें धीमी पिचें मिलती हैं जो थोड़ा चुनौतीपूर्ण है। खिलाड़ियों को यहां लय मिलना अच्छा है। आपको अपने घरेलू मैदान पर भी नियमितता की जरूरत होती है जो इस सीजन हमारे लिये मुश्किल रहा है। हम समझ नहीं पाये हैं कि वहां सही स्कोर क्या होगा।'' अरुण जेटली स्टेडियम पर दिल्ली की बल्लेबाजी कई बार चरमरा गयी है और एक-दो मौकों के अलावा उसका प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। धर्मशाला पर दिल्ली को इस सीजन पहली बार 200 के स्कोर के पार पहुंचाने वाले राइली रूसो ने भी वॉर्नर की बात से सहमति जताई।

पंजाब के खिलाफ अपना पहला आईपीएल अर्द्धशतक जड़ने वाले रूसो ने कहा, इसकी (अर्द्धशतक की) काफी जरूरत थी। यह पिच बल्लेबाजी के लिये बहुत अच्छी थी। इस सीजन ऐसी बहुत पिचें नहीं मिली हैं। बल्लेबाजी के लिये पिच मिलना अच्छा था।''

दिल्ली इस सीज़न के अपने पहले पांच मैच हारने के बाद प्लेऑफ़ की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम थी। उन्होंने अपने अगले पांच में से चार मैच जीते, लेकिन अगले दो मुकाबले हारने के बाद शीर्ष चार में पहुंचने की उनकी सारी उम्मीदें खत्म हो गयीं। वॉर्नर की टीम का आखिरी लीग मैच 20 मई को दिल्ली में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ है।

# हम कल के मैच को सत्र के आखिरी मुकाबले की तरह देख रहे है : संदीप

धर्मशाला, 18 मई। राजस्थान रॉयल्स कम संभावनाओं के साथ इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ की दौड़ में बना हुआ लेकिन टीम के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने गुरुवार को कहा कि पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को खेले जाने वाले मैच को इस सत्र के अपने आखिरी मुकाबले की तरह लेंगे।

राजस्थान रॉयल्स का नेट रन रेट पंजाब किंग्स से बेहतर है लेकिन इस मुकाबले को जीतने वाली टीम को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अन्य मुकाबलों से अनुकूल नतीजों की उम्मीद होगी। संदीप ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''इस तरह का मैच खेलना सबसे आसान है, आपको ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं होती है। मैदान पर उतर कर अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ करना होता है। हम फिलहाल इस मुकाबले को सत्र का अपना आखिरी मैच मान रहे और इसे सकारात्मक तरीके से खत्म करना चाहेंगे।''

उन्होंने कहा,'' जाहिर तौर पर यह थोड़ा तनावपूर्ण है, हर टीम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना चाहती है और इस साल हमारे लिए चीजें मुश्किल हो गयी है। एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में हालांकि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और अपनी टीम के लिए मैच जीतने की कोशिश करनी होगी।'' राजस्थान ने शुरुआती पांच मैचों में से चार में जीत के साथ सत्र की शानदार शुरुआत की थी लेकिन टीम इस प्रदर्शन को जारी नहीं रख पायी। संदीप ने इस दौरान चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आखिरी ओवर में दो शानदार यॉर्कर डाल कर टीम को जीत दिलाई लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आखिरी गेंद पर उनका नो बॉल डालना टीम को भारी पड़ा, जिसने उसने लगभग जीती हुई बाजी गंवा दी।

संदीप ने कहा कि लक्ष्य का बचाव करते समय गेंदबाजी करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, ''अगर आप पहली पारी में गेंदबाजी कर रहे है और आपके खिलाफ 15-16 रन बन गये तब भी दबाव नहीं होगा। लेकिन अगर आप दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रहे है तो आप पर ज्यादा दबाव होता है। एक गेंदबाज के तौर पर आपको हालांकि परिस्थितियों से घबराये बिना चुनौतियों को स्वीकार करना होता है।''

## एलएसजी ने सूर्यांश शेडगे को 20 लाख में खरीदा

लखनऊ 18 मई। कंधे की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हुये जयदेव उनादकट के स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया है। एलएसजी ने मीडिया एडवाइजरी जारी कर यह जानकारी साझा की। गुरुवार को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के शेष मैचों के लिए चोटिल जयदेव उनादकट की जगह सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उनादकट को ट्रेनिंग के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। अंडर-19 में बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हरफनमौला सूर्यांश 20 लाख रुपये में एलएसजी से जोड़ा गया है। गौरतलब है कि एलएसजी प्लेआफ में जगह पक्की करने के लिये 20 मई को अपना अगला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलेगी। इस मैच में एलएसजी की टीम दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बागान की लाल और हरे रंग की जर्सी जैसे रंग की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेगी।

# भारत ने हार के साथ की ऑस्ट्रेलियाई दौरे की शुरुआत

एडिलेड, 18 मई। भारतीय महिला हॉकी टीम को गुरुवार को यहां पहले मैच में आस्ट्रेलिया के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए संगीता कुमारी (29वां मिनट) और शर्मिला देवी (40वां मिनट) ने एक-एक गोल किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने आइस्लिंग उतरी (21वां मिनट), मैडी फिट्ज़पैट्रिक (27वां मिनट), एलिस अर्नोट (32वां मिनट) और कर्टनी शोनेल (35वां मिनट) के गोलों से जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलियाई महिलाएं मुकाबला शुरू होते ही लय में आ गयीं और पहले क्वार्टर में भारत पर हावी रहीं। मेज़बान टीम ने शुरुआती 15 मिनटों में कई बार मेहमानों के डिफेंस का परीक्षण किया। ऑस्ट्रेलिया ने खेल के शुरुआती क्वार्टर में तीन पेनल्टी कार्नर भी जीते लेकिन भारतीय टीम की कप्तान और गोलकीपर सविता के साथ-साथ डिफेंस लाइन के अचूक प्रयासों के कारण इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। दूसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया का आक्रामक खेल रंग लाया और आइस्लिंग-मैडी ने एक-एक गोल दाग दिया। आइस्लिंग ने अबीगैल विल्सन के क्रॉस की सहायता से मैदानी गोल किया, जबकि कुछ देर बाद, मैडी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मेजबानों की बढ़त दोगुनी कर दी।

दो गोलों से पिछड़ने के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया और 29वें मिनट में ही संगीता ने निक्की प्रधान की मदद से मेहमान टीम का खाता खोल दिया। तीसरे क्वार्टर के शुरुआती पांच मिनटों में ही एलिस और कोर्टनी ने ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 4-1 कर दी। मैच के 40वें मिनट में शर्मीला ने भारत के लिये एक गोल किया, हालांकि यह टीम को जीत दिलाने के लिये काफी नहीं था। आखिरी क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने के करीब आयीं, लेकिन किसी के भी स्कोर न कर पाने के कारण जीत ऑस्ट्रेलिया की झोली में गयी। भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई महिलाएं दूसरे मुकाबले में शनिवार को आमने-सामने होंगी।

## गुणतिलका पर यौन शोषण के चार में से तीन मामले हटाये गये

सिडनी, 18 मई। टी20 विश्व कप 2022 के दौरान एक महिला का कथित यौन शोषण करने के लिये श्रीलंकाई क्रिकेटर दनुष्का गुणतिलका के खिलाफ दर्ज किये गये यौन उत्पीड़न के चार में से तीन मामले गुरुवार को हटा दिये गये। गुणतिलका पर बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के आरोप में चार मामले दर्ज किये गये थे, जिसके कारण उन्हें सिडनी पुलिस ने पिछले साल नवंबर में टी20 विश्व कप के दौरान टीम होटल से गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने हालांकि सिडनी की एक अदालत में उन पर लगे चार में से तीन मामले वापस ले लिये।

पुलिस के मुताबिक, श्रीलंकाई बल्लेबाज और पीड़ित महिला की मुलाकात एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, ''लोक अभियोजन निदेशक के लिये अभियोजक ह्यूग बडिन ने अदालत को बताया कि एक आरोप प्रमाणित किया गया था, लेकिन सहमति के बिना यौन शोषण के शेष तीन मामलों को वापस ले लिया गया था।'' डाउनिंग सेंटर की स्थानीय अदालत में दायर पुलिस फैक्ट शीट के अनुसार गुणतिलका पर लगा शेष आरोप यह है कि उसने ''जबरदस्ती'' यौन संबंध बनाने का अपराध किया है, जिसके दौरान उसने 20 से 30 सेकंड के लिये पीड़िता का गला भी दबाया था। महिला के बयान के अनुसार गुणतिलका ने छह सेकंड के लिये महिला की सांस को रोक दिया और जब पीड़िता ने ''खिलाड़ी की कलाई पकड़कर उसका हाथ हटाने की कोशिश की'' तो उसने अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

# नडाल ने रोलां गैरो से नाम वापस लिया

मयोर्का, 18 मई। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने इस साल फ्रेंच ओपन से बाहर रहने की घोषणा करते हुए गुरुवार को कहा कि 2024 उनके सुसज्जित करियर का आखिरी वर्ष होगा।

नडाल ने यहां अपनी अकादमी में संवाददाताओं से कहा, ''मेरी चोट उस तरह ठीक नहीं हुई जिस तरह मुझे उम्मीद थी। मेरे लिये रोलां गैरो में खेलना असंभव होगा।'' उल्लेखनीय है कि इस साल की शुरुआत में हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में मकेंज़ी मैकडॉनल्ड का सामना करते हुए नडाल के कूल्हे में चोट लग गयी थी। वह इस चोट के बाद से कोर्ट पर नहीं लौटे हैं।

नडाल ने कहा, ''मैं रोलां गैरो में नहीं रहूंगा और आने वाले महीनों में खेलने की मेरी कोई योजना नहीं है। अपनी शारीरिक स्थिति की वजह से निरंतरता बनाये रखना मेरे लिये मुश्किल रहा है। मेरा खेल करियर जो बन गया है मुझे उसपर पूर्ण विराम लगाने की जरूरत है। मैं अपने शरीर पर दोबारा काम करूंगा और जब मुझे सही लगेगा, तब (खेलने की) शुरुआत करूंगा।''

उन्होंने कहा, ''मैं डेविस कप खेलकर 2024 के लिये तैयारी शुरू कर सकता हूं, जो मेरे करियर का आखिरी साल होगा। मेरा विचार सिर्फ खेल का आनंद लेने का है और मौका मिला तो उन सब आयोजनों में सफर करने का है जहां मैं खुश था।'' लाल बजरी के बेताज बादशाह नडाल रोलां गैरो का खिताब 14 बार जीत चुके हैं और उन्होंने फ्रांस के इस शीर्ष आयोजन में 2005 में पदार्पण करने के बाद हमेशा हिस्सा लिया है।

जब नडाल से पूछा गया कि क्या वह 2024 पेरिस ओलंपिक में भाग ले सकते हैं जहां रोलां-गैरो में टेनिस प्रतियोगिता होगी, तो उन्होंने कहा कि अपनी शरीर की स्थिति को देखते हुए कुछ भी वादा नहीं कर सकते। स्पेन के 37 वर्षीय दिग्गज ने कहा, मैं यह नहीं चाहता कि मैं एक बात कहूं और फिर करूं कुछ और। मेरे शरीर को देखते हुए भविष्य पर कुछ नहीं कह सकता। अपने विकल्प खुले रखना चाहता हूं। पेरिस ओलंपिक उन प्रतियोगिताओं में से एक है जिनमें मैं हिस्सा लेना चाहता हूं। मुझे नहीं पता कि यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा या नहीं।'' नडाल इससे पहले बीजिंग ओलंपिक (2008) में पुरुष एकल में और रियो ओलंपिक (2016) में पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

## अगर-मगर की कठिन डगर में एक-दूसरे से आगे निकलने का प्रयास करेंगे पंजाब और राजस्थान

धर्मशाला, 18 मई। अभी तक के अपने उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन के कारण अगर-मगर की कठिन डगर में फंसी पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में खुद को एक दूसरे से बेहतर साबित करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम के 13 मैचों में समान 12 अंक हैं लेकिन राजस्थान की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर पंजाब से आगे है। इन दोनों टीम को हालांकि इस मैच में जीत दर्ज करने के अलावा बाकी टीम के मैचों में भी अनुकूल परिणाम के लिए प्रार्थना करनी होगी। पंजाब की टीम फिर से महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। उसके तेज गेंदबाजों ने पावर प्ले और डेथ ओवरों में रन लुटाए जो टीम को भारी पड़े।

कैगिसो रबाडा, सैम कुरेन और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाजों ने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए जिससे टीम पर दबाव बना। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को यहां रबाडा अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। अर्शदीप का उपयोग इस मैच में पावर प्ले और डेथ ओवरों में नहीं किया गया जिस पर सवाल उठने लाजमी हैं क्योंकि यह तेज गेंदबाज डेथ ओवरों में अपनी यॉर्कर और शुरू में अपनी स्विंग से बल्लेबाजों को परेशान करता रहा है। अर्शदीप के प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता का अभाव रहा है और इस करो या मरो वाले मैच में अब उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

शिखर धवन ने दिल्ली के खिलाफ 20वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार का उपयोग किया लेकिन उनका यह दांव नहीं चला और आखिर में मैच में उनके इस फैसले ने बड़ा अंतर पैदा किया। बल्लेबाजी में पिछले दो मैचों में स्वयं धवन नहीं चल पाए और उन्हें अब आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत है। टूर्नामेंट के पहले चरण में लग रहा था कि राजस्थान रॉयल्स की टीम को हराना बेहद मुश्किल है लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और पिछले पांच मैचों में से वह केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाई। राजस्थान के पास यशस्वी जायसवाल और युजवेंद्र चहल जैसे बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन ने भी कुछ शानदार पारियां खेली हैं।

# आईपीएल टिकटों की काला बाजारी का मामला अदालत पहुंचा

चेन्नई, 18 मई। चेन्नई के एक वकील ने बुधवार को आईपीएल टिकटों की बिक्री में अनियमितताओं को लेकर इंडियन प्रीमियर लीग की टीम चेन्नई सुपर किंग्स, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सुपर किंग्स के घरेलू मैचों के टिकटों की काला बाजारी से जुड़े विवादों के बाद मामला चेन्नई शहर की सिविल कोर्ट के समक्ष रखा गया। अधिवक्ता अशोक चक्रवर्ती ने फेसबुक पर लिखा, आज मैंने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चल रहे मौजूदा आईपीएल टूर्नामेंट में टिकटों की बिक्री में अनियमितताओं से बढ़ने वाली काला बाज़ारी और संदिग्ध ऑनलाइन टिकट बिक्री को लेकर चेन्नई सुपर किंग्स, बीसीसीआई और टीएनसीए पर मामला दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में होने वाले मैचों की टिकट उपलब्ध न होने के कारण सुपर किंग्स और उसके प्रबंधन को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। करीब 1,500 से दो हज़ार रूपये की कीमत वाले लोअर-स्टैंड टिकट कथित तौर पर आठ हज़ार रुपये में बेचे गये हैं। यह संभवतः सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का आखिरी आईपीएल सीजन है इसलिये टिकट कीमतों में इस तरह का उछाल देखा गया है। इस मामले के दौरान एमए चिदंबरम स्टेडियम में होने वाले आईपीएल प्लेऑफ़ मैच के टिकटों की बिक्री पर अस्थायी रोक लगाने पर भी चर्चा की जाएगी। चक्रवर्ती ने कहा, अगले हफ्ते चेन्नई में होने वाले प्लेऑफ़ और क्वालीफ़ायर के टिकटों की बिक्री पर अंतरिम रोक के लिये भी कोर्ट में याचिका दायर की है।''


द्वितीय पुण्यतिथि



जन्म दिवस: 24.10.1964
स्वर्गवास: 19.05.2021

स्व. श्री ओमप्रकाश शर्मा (जांगिड़)

स्मरण कर आपका, श्रद्धासुमन, अर्पित करते हैं। सदा रहे आशीष आपका, प्रभु से प्रार्थना करते हैं।

श्रद्धावनत- सरोज शर्मा (धर्मपत्नी), मनन शर्मा (पुत्र), दीपशिखा शर्मा सिंघल-जतिन जी सिंघल (पुत्री-दामाद), खुशी शर्मा (पुत्री)

प्रतिष्ठान- व्हीकल मैन्टेनेंस सेन्टर
304-ए, हथरोई, संगम टावर के पीछे, मूर्ति बिल्डिंग, अजमेर रोड, जयपुर
मो. 7665997799, 9314515819






1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid


360 View Camera


Head Up Display



NEXTre' Rear Combination Lights


In-Built Suzuki Connect


Wireless Charger

***VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP OR LOG ON TO WWW.NEXAEXPERIENCE.COM TO BOOK YOUR TEST DRIVE.***

**CONTACT YOUR NEAREST NEXA DEALER: JAIPUR: NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **AJMER: NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR: NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI: NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA: NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER: NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU: NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR: NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI: NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR: NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR: NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR: NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR: NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA: NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH: NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

Contact us at
**1800-200-[6392]**
**1800-102-[NEXA]**
**www.nexaexperience.com**
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

Accessories and features shown may not be part of standard equipment. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.